* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 195


सीएम हेमंत ने निवेशकों को प्रोत्साहित किया : उद्योग सचिव



## न्यूज रील्स

### सुरक्षाबलों को पुंछ में आतंकी ठिकाना मिला

जम्मू कश्मीर। सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर पुंछ में आतंकी ठिकाना मिला है। सोमवार सुबह, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जिले के सुरनकोट में साझा अभियान चलाया। इस दौरान आतंकी ठिकाने से उन्हें 5 IED बम मिले, इनमें से तीन टिफिन बॉक्स और दो बाल्टी में थे। साथ ही कई प्रतिबंधित कम्युनिकेशन डिवाइस भी बरामद किये गये हैं।

### सलाल डैम के गेट बंद, चिनाब नदी सूखने की कगार पर

जम्मू कश्मीर। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने चिनाब नदी पर बने बागलिहार और सलाल डैम के गेट बंद कर दिये हैं। इनसे पाकिस्तान को पानी जा रहा था। रियासी जिले में सलाल डैम के गेट बंद होने के बाद चिनाब नदी का जलस्तर काफी घट गया। नदी में दो फीट पानी बचा है। यह नदी जल्द ही पूरी सूख जायेगी।

### वित्त मंत्री ने पाक को फंड में कटौती की रखी मांग

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और पाकिस्तान को दिये जाने वाले फंड में कटौती की मांग की। सूत्रों ने बताया कि एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा के साथ बैठक के अलावा वित्त मंत्री ने इतालवी वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोजेर्टी से भी मुलाकात की और यही मांग दोहरायी।

### सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

गुरदासपुर। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ ने पाकिस्तानी नागरिक को गांव ठाकुरपुर के पास सीमा पर गिरफ्तार किया है। । आरोपी से पास आइडी कार्ड भी मिला है, जिस पर उसकी पहचान हुसनैन लिखी है और वह गुज्जरांवाला का रहनेवाला है।

### दो हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में काम शुरू

जम्मू कश्मीर। भारत ने कश्मीर में दो हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में काम शुरू कर दिया है। इसके बारे में पाकिस्तान को जानकारी नहीं दी है। 1987 में बने सलाल बांध और 2008 में बागलिहार बांध बनने के बाद दोनों प्रोजेक्ट पर पहली बार काम किया जा रहा है।

## पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की रणनीति हुई तेज

# प्रधानमंत्री से मिले रक्षा सचिव, तैयारी पर चर्चा

- नरेंद्र मोदी पहुंचे पीएमओ, महत्वपूर्ण बैठकें हुईं
- 7 मई को देशभर में सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन में दिख रहे हैं। मोदी सरकार पाकिस्तान के खिलाफ एक के बाद एक फैसले ले रही है। प्रधानमंत्री से सोमवार को रक्षा सचिव मिलने पहुंचे। इसके बाद प्रधानमंत्री पीएमओ गये, जहां उच्चस्तरीय बैठकें कीं। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत की रणनीति मजबूत बनायी जा रही है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले मंगलवार को शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए खुली छूट दे दी है।

**प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक :** पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को और शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने प्रधानमंत्री को तैयरियों के बारे में जानकारी दी। तो नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था।

**साउथ ब्लॉक पहुंचे प्रधानमंत्री :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नयी दिल्ली में साउथ ब्लॉक स्थित पीएमओ ऑफिस पहुंचे।



### गृह मंत्रालय ने मॉक ड्रिल का दिया निर्देश

गृह मंत्रालय ने कुछ राज्यों को 7 मई को सिविल डिफेंस से जुड़ी मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिये हैं। इस मॉक ड्रिल का मकसद लोगों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना है। सरकार के मुताबिक मॉक ड्रिल के दौरान निम्न बातों पर जोर दिया जायेगा।

- एयर रेड सायरन की जांच और इस्तेमाल।
- आम लोगों और छात्रों को हमले की स्थिति में खुद को बचाने की ट्रेनिंग।
- ब्लैकआउट की व्यवस्था।
- जरूरी ठिकानों को छुपाने की तैयारी।
- इलाके खाली कराने की योजना को अपडेट करना और उसका अभ्यास।

### एयर चीफ मार्शल ने कहा : वायुसेना अलर्ट, राफेल तैयार

भारत-पाक तनाव बढ़ने पर वायुसेना पूरी तरह अलर्ट पर है। राफेल लड़ाकू विमान किसी भी समय तेज जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रखे गये हैं। सूत्रों के मुताबिक एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने प्रधानमंत्री को बताया कि वायुसेना की तैयारी पूरी है। वायुसेना पश्चिमी सीमा पर लंबी दूरी की उड़ानें भर रही है। भारत ने पाकिस्तान पर सीमित कार्रवाई के सभी सैन्य विकल्प खुले रखे हैं।

# स्पेन और स्वीडन झारखंड में निवेश के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण देश: उद्योग सचिव

- रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से मेगा सम्मेलन, व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित होगा
- जापान में चल रहे एक्सपो में शामिल होगा झारखंड
- यूरोपीय कंपनियों के लिए एक समर्पित डेस्क स्थापित किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन गये प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में निवेश के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया। इस दौरान हमें कई निवेशकों के प्रस्ताव भी मिले साथ ही कई कंपनी ने झारखंड में निवेश करने में रुचि दिखायी है। उद्योग सचिव सोमवार को सूचना भवन में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इस मौके पर उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, खनन आयुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एमडी जिडको वरुण रंजन समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**झारखंड में स्थापित होगा समर्पित डेस्कः** अरवा राजकमल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने स्पेन एवं स्वीडन के विभिन्न उद्यमियों से कहा है कि झारखंड में निवेश की सुगम सुविधा के लिए यूरोपीय कंपनियों के लिए एक समर्पित डेस्क स्थापित किया जायेगा । उन्होंने बताया कि स्पेन में टेस्ला ग्रुप एस के चेयरमैन श्री दुसान लिचाड्र्स ने ग्रुप की रोमानिया गिगिया फैक्ट्री परियोजना के बारे में प्रस्तुति दी। बैटरी भंडारण उत्पादन के निर्माण के लिए झारखंड में एक समान परियोजना स्थापित करने करने के लिए करीब 150 मिलियन यूरो के निवेश की रुचि व्यक्त की है। साथ ही झारखंड सरकार को आरसीडी एस्पेनयोल फुटबॉल क्लब से झारखंड में खेल विकास में सहयोग के लिए झारखंड में फुटबॉल कोचों को प्रशिक्षण देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का प्रस्ताव मिला । इसके अलावे रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ ।

(पेज 02 भी देखें)



### चाइबासा में बनेगा जियोलॉजिकल म्यूजियम

अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड में विदेशी निवेश के मकसद से यूरोपीय देश स्पेन एवं स्वीडन गये प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना स्थित निमार्णाधीन यूरोप के सबसे बड़े स्टेडियम एफसी बार्सिलोना स्टेडियम और संग्रहालय का दौरा किया। इस दौरान वहां एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष सुश्री एलेना फोर्ट के साथ बैठक की । साथ ही डी गावा संग्रहालय का भी दौरा किया। वहां एक पुराने खनन स्थल को एक जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदल दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी झारखंड के चाइबासा में भी इसी तरह के स्थलों को जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदलने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बनाने का निर्देश दिया ।


# पहलगाम हमले पर भारत को मिला रूस का साथ

- पुतिन ने मोदी को किया फोन, हर कार्रवाई में साथ का दिया भरोसा
- रूस से भारत को मिलीं पोर्टेबल मिसाइल की नयी खेप

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारत पड़ोसी देश पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस बीच भारत को रूस से भी समर्थन मिल गया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात कर पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और अपना समर्थन जताया। उधर, रूस से भारत को मिलीं पोर्टेबल मिसाइलें मिल गयी हैं।

**आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ :** प्राप्त जानकारी के अनुसार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति पुतिन को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में होनेवाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।



### ड्रोन और हेलिकॉप्टर को मार गिरायेंगी पोर्टेबल मिसाइलें

बढ़ते तनाव के बीच रूस से इग्ला-एस पोर्टेबल मिसाइलों की नयी खेप भारत पहुंची है। छोटी और कंधे पर ले जाने वाली ये पोर्टेबल मिसाइलें ड्रोन और चॉपर को मार गिरा सकती हैं। 260 करोड़ की डील से हवाई सुरक्षा मजबूत होगी। फास्ट ट्रैक खरीद में सेना ने 48 दूसरे रॉकेट लांचर, 90 बहुत कम दूरी के एयर डिफेंस सिस्टम का टेंडर भी जारी किया है।

## झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की घोषणा

# शिबू को संस्थापक संरक्षक, हेमंत अध्यक्ष, रूपी उपाध्यक्ष और कल्पना सोरेन को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया

- नलिन सोरेन समेत आठ उपाध्यक्ष, 63 को मिली जगह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के खेलगांव में पिछले दिनों आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें केंद्रीय अधिवेशन के बाद केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। झामुमो के केंद्रीय अधिवेशन में ही शिबू सोरेन पार्टी के संस्थापक संरक्षक, जबकि हेमंत सोरेन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष घोषित किये गये थे। नलिन सोरेन, प्रो स्टीफन मरांडी और रूपी सोरेन समेत आठ को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। कल्पना सोरेन कार्यकारिणी सदस्य हैं। केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में 63 लोगों को जगह दी गयी है।

**विनोद और सुप्रियो फिर महासचिव सह प्रवक्ता बने :** रूपी सोरेन, नलिन और स्टीफन के अलावा सविता महतो, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, वैद्यनाथ राम और रामदास सोरेन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, विनोद कुमार पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता बनाये गये हैं। एक बार फिर इन्हें ये दायित्व सौंपा गया है। नंद किशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटू, पंकज मिश्रा और समीर मोहंती को सचिव बनाया गया है। हेमलाल मुर्मू, कुणाल षाडंगी, मनोज कुमार पांडेय प्रवक्ता बनाये गये हैं।



### इन्हें बनाया गया कार्यकारिणी सदस्य

कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन के अलावा दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, विजय हांसदा, महुआ माजी, रविंद्र नाथ महतो, मोहन कर्मकार, संजीव बेदिया, डॉ कमल नयन सिंह, निरल पूर्ति, दशरथ गगराई, हफीजुल हसन, सुमन महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, राजू गिरी, गणेश चौधरी, एमटी राजा, धनंजय सोरेन, आलोक सोरेन, लुईस मरांडी, उदय शंकर सिंह, उमाकांत रजक, जगत मांझी, सुदीप गुड़िया, रामसूर्या मुंडा, अमित महतो, अनंत प्रताप देव, अंजनी सोरेन, पटवारी हांसदा, परेश मरांडी और बिद्धू मुर्मू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# सीएम हेमंत ने निवेशकों को प्रोत्साहित किया : उद्योग सचिव

## स्पेन-स्वीडन दौरा पूरा होने के महज सात दिनों में झारखंड को मिला सात कंपनियों से निवेश का प्रस्ताव









आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को सूचना भवन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने बताया कि बार्सिलोना में एक इन्वेस्टर मीट भी आयोजित किया गया।

जहां भारतीय प्रवासियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। वन टू वन मीटिंग कर खेल से संबंधित मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग, आइइएसइ बिजनेस स्कूल में उद्यमिता संकाय, पर्यावरण स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा की गयी। निवेशकों ने झारखंड में एक बेहतरीन स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम करने की रुचि व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य में संभावित निवेश की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने का प्रस्ताव:** अरवा राजकमल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने 'फिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर' का दौरा किया। जो यूरोप के सबसे बड़े और सबसे आधुनिक प्रदर्शनी स्थलों में से एक है। यहां स्पेन में भारत के राजदूत की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए प्रस्ताव (एलओएल) प्राप्त हुआ। इसके बाद वैश्विक निवेशकों के लिए मैड्रिड का दौरा किया गया ।

### वोल्वो को आमंत्रित किया

अरवा राजकमल ने बताया कि स्वीडन में गोथेनबर्ग में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 50 से अधिक वैश्विक निवेशकों के समक्ष झारखंड में विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन, खनिज अन्वेषण और प्रसंस्करण और स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित निवेश क्षेत्रों को दर्शाया गया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने गोथेनबर्ग में वोल्वो ट्रक संयंत्र का दौरा किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड में खनन कार्यों में भारी ट्रकों की बढ़ती मांग को देखते हुए झारखंड में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए वोल्वो को आमंत्रित किया।

### झारखंड की ब्रांड वैल्यू में होगा सुधार

उद्योग सचिव ने कहा कि किसी भी देश के निवेशकों को झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित करने के लिए विजीबिलिटी बहुत जरूरी है और यह यात्रा स्पेन और स्वीडन में झारखंड की विजीबिलिटी के लिहाज से काफी महवपूर्ण था। यात्रा पूरी होने के एक सप्ताह के भीतर ही सात निवेश प्राप्त हुए। इसलिए अन्य राज्यों की तरह ही विदेशी निवेश के लिए उस देश की कंपनियों के साथ निरंतर जुड़ाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कोई झारखंड से सरकारी प्रतिनिधिमंडल विदेशी दौरे पर गया। इस यात्रा से विदेशों में झारखंड की उपस्थिति दर्ज होगी और झारखंड की ब्रांड वैल्यू में सुधार होगा।



# उद्घाटन-शिलान्यास में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर नाराज हुए संजय सेठ

**रक्षा राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र**

**लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं, अधिकारियों को निर्देशित करें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा हो रही है, जो बेहद गंभीर विषय है। उपरोक्त बातें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में कही है। योजनाओं के क्रियान्वयन और उद्घाटन शिलान्यास में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से नाराज रक्षा राज्य मंत्री ने सीएम को पत्र लिखा है। पत्र में श्री सेठ ने कहा कि कांके प्रखंड के सुकुरहुट्टू के बरवाटांड़ में सरना टोली से रिंग रोड तक एक सड़क का निर्माण होना है। उपरोक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति मेरी अनुशंसा पर आरआरडीए के द्वारा दी गयी है। अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैंने स्थानीय ग्रामीणों को उक्त सड़क के निर्माण कराने हेतु आश्वस्त किया था। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उपरोक्त सड़क का शिलान्यास मेरी अनुपस्थिति में कर दिया गया। शिलापट्ट में मेरा नाम जरूर है परंतु उसकी कोई सूचना मुझे या मेरे कार्यालय को नहीं दी गयी है।

पूर्व में भी दिशा समिति की बैठकों में मैंने यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी योजना के उद्घाटन-शिलान्यास में सभी जनप्रतिनिधियों को पूर्व सूचना दी जाये। बावजूद इसके इस विषय पर जिला प्रशासन सहित किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं है। आपको अवगत कराना चाहूंगा कि लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र विधायिका और कार्यपालिका के सहयोग से ही आगे बढ़ता है। निश्चित रूप से विकास के कार्य होते हैं तो जनप्रतिनिधि भी उसका माध्यम बनते हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की यह उपेक्षा लोकतंत्र का अपमान है।

# 'वाटर स्ट्राइक' के बाद भारत अब पाकिस्तान की फंडिंग रुकवायेगा

**भारत ने एशियाई विकास बैंक से फंड नहीं देने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक एक्शन और तेज कर दिये हैं। पहले भारत ने पड़ोसी मुल्क को टारगेट करने के लिए 'वॉटर स्ट्राइक' किया। चिनाब का पानी रोक दिया। अब केंद्र सरकार ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से पाकिस्तान को वित्तीय मदद रोकने की अपील की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एडीबी प्रमुख मासातो कांडा के साथ एक बैठक में यह मुद्दा उठाया।

सूत्रों के अनुसार, निर्मला सीतारमण ने पहले ही इटली के वित्त मंत्री से इस मुद्दे पर चर्चा की है। इसके अलावा कई और यूरोपीय देशों के साथ पाकिस्तान को अलग-थलग करने के लिए बातचीत की जा रही है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को चारों तरफ से घेरने के लिए भारत लगातार रणनीतिक तैयारी में जुटा है।

### एफएटीएफ ग्रे लिस्ट में जायेगा पाकिस्तान!

यही वजह है कि नरेंद्र मोदी सरकार का जोर पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल करवाने पर है। दिल्ली की ओर से लगातार ये कोशिश हो रही है। इसके साथ ही, इस्लामाबाद को मिलने वाली बहुपक्षीय फंडिंग की समीक्षा करने की मांग भी भारत सरकार की ओर से जा रही है।

# पाक ने पहले तोड़ा सीजफायर फिर किया मिसाइल का परीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक और मिसाइल का टेस्ट किया है। पाकिस्तान ने सोमवार को 120 किमी रेंज वाली मिसाइल का टेस्ट किया। पाकिस्तान ने फतह सीरीज की मिसाइल का परीक्षण ऐसे समय में किया है जब भारत के साथ उसकी दुश्मनी चरम पर है। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता होने के कारण भारत ने उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। सिंधु जल समझौते को भारत ने निलंबित कर दिया। पाकिस्तान के लोगों के देश से भारत छोड़ने का आदेश दिया गया। भारत की इन सब कार्रवाई के बाद पाकिस्तान अपनी अकड़ दिखाने में लगा है। इससे पहले पाकिस्तान में हाल में ही अपनी एक बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की है। शनिवार को पाकिस्तान ने 450 किलोमीटर रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की थी। वहीं, पाकिस्तान ने लगातार 11वें दिन सीजफायर तोड़ा है। पाकिस्तानी सेना ने 4-5 मई की रात एलओसी के आसपास कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर इलाकों में फायरिंग की। भारतीय सेना ने इसका जवाब दिया और हल्के हथियारों से फायरिंग की।

# 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से जिंदा जले बाप-बेटे

## शादी की खुशियां मातम में बदली, घर में आने वाली थी बारात, जेनरेटर के लिए डीजल लेने जा रहे थे दोनों, रास्ते में टूटकर गिरा था तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू में 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से बाप-बेटे की जान ले ली। घटना उत्तर कोयल मुख्य नहर स्थित मुखर्जी पुल के समीप खरगड़ा गांव के पास घटी है। इस हादसे में सिमरसोत गांव निवासी 45 वर्षीय बिंदु मेहता व 12 वर्षीय उनका बेटे बिपिन मेहता की जान चली गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर हैदरनगर-जपला मुख्य पथ को जाम कर दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को बिंदु मेहता की भतीजी की शादी थी। बारात आने वाली थी। इसी को लेकर दोनों जेनरेटर के लिए अहले सुबह डीजल लाने जा रहे थे। जिस रास्ते वे बाइक से जा रहे थे, वहीं 11 हजार वोल्ट का तार गिरा हुआ था। दोनों उसी की चपेट में आ गये। तार में करंट होने की वजह से आग लग गयी और दोनों वहीं जल गये।

### विद्युत विभाग की घोर लापरवाही

इस हादसे पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि यह विद्युत विभाग की घोर लापरवाही है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हर संभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है।

**बिजली विभाग को ग्रामीणों ने दी थी सूचना :** घटना से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद तार को दुरुस्त नहीं किया जाता है। जिससे इस तरह की घटनाएं होती हैं। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही बिंदु मेहता के परिवार सहित गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गये। घटना से गांव में मातम का माहौल है। बिंदु मेहता के घर शादी की खुशी मातम ने बदल गयी है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# शादी से लौट रहे मां-बेटे कंटेनर में दबे, घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाले गये शव

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर में शादी समारोह से लौट रहे मां-बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। घटना सोमवार सुबह 9:30 बजे के करीब जीटी रोड पर हुई। बगोदर की ओर से आ रही मोटर साइकिल (जेएच 11 एजी 2115) को पीछे से कंटेनर (एचआर 55 एसी 7885) ने टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दोनों लोग नीचे गिर गये। इसके बाद कंटेनर अनियंत्रित होकर दोनों के ऊपर पलट गया। हादसे में कंटेनर के नीचे दबकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी।

**परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल, गांव में मातम :** घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने दोनों के शवों को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए बरही भेज दिया है। मृतक मां-बेटा अपने संबंधी के घर ग्राम परसिया बगडो बगोदर से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना हो गयी।

### 2 क्रेन और जेसीबी से कंटेनर को हटाकर शव निकाले

मामले की सूचना मिलते ही गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार घटनास्थल पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने 2 क्रेन और जेसीबी मशीन की मदद से काफी मशक्कत के बाद कंटेनर को हटाने के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान ग्राम बंडासिंघा बरकट्ठा निवासी गेनसी देवी उर्फ भूषी (55) पति भोला साव और उनके पुत्र मोनू कुमार साव (25) के रूप में हुई है।

# हर अस्पताल होगा सुरक्षित, सुरक्षा से नहीं होगा कोई समझौता: स्वास्थ्य मंत्री

**कहा- स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, सिस्टम में आयेगा बड़ा बदलाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर की हालिया घटना से मर्माहत स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अब यदि रिम्स या किसी भी अस्पताल में किसी मरीज की मौत सुरक्षा कारणों से होती है, तो उसकी पूरी जवाबदेही मेरी होगी। राज्य के हर अस्पताल को पूरी तरह से सुरक्षित बनाया जायेगा।

डॉ अंसारी ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी सदर अस्पताल, रिम्स और मेडिकल कॉलेज तीन दिन के भीतर अपने भवनों की स्थिति पर रिपोर्ट सौंपें। कौन-से भवन मरम्मत योग्य हैं, कौन-से जर्जर हैं या ध्वस्त किये जाने चाहिए। इसकी विस्तृत जानकारी दी जाये। रिपोर्ट मिलते ही मरम्मत एवं निर्माण कार्य के लिए तुरंत बजट जारी किया जायेगा।

### किसी की जान से खिलवाड़ नहीं होने देंगे

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर जैसी घटना दोबारा न हो, यह मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वे खुद पीड़ित परिवारों से मिलेंगे और हरसंभव सहायता सुनिश्चित करेंगे। डॉ अंसारी ने भावुक होते कहा कि पूर्व में क्या हुआ, मैं उसमें नहीं जाना चाहता, लेकिन जब इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी मुझे मिली है और खासकर जब मैं खुद एक डॉक्टर हूं, तो मैं अपनी आंखों के सामने किसी को मरते नहीं देख सकता। हमें इस व्यवस्था को मजबूत और बेहतर बनाना है, और मैं चाहूंगा कि इसमें आप सभी मेरा साथ दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जमशेदपुर में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है और पूरी टीम तैनात कर दी गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.5 °c | 19.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.13 बजे |



### कांग्रेस पार्टी पर भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी का बड़ा हमला

# इंडी गठबंधन की सरकारें पाकिस्तानियों को भारत से बाहर भेजने में नहीं कर रहीं सहयोग : वाजपेयी

- पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस पार्टी का दोहरा चरित्र उजागर
- राहुल गांधी देश विभाजन से लेकर सारे संविधान विरोधी निर्णयों के लिए माफी मांगें
- वक्फ संशोधन कानून से आदिवासी जमीन होगी सुरक्षित, भगवान बिरसा मुंडा की धरती से खड़गे करें समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन की सरकार पर बड़ा निशाना साधा। डॉ वाजपेयी सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

डॉ वाजपेयी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को झारखंड के सभी जिलों में प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य में रह रहे पाकिस्तानियों को चिह्नित कर अविलंब वापस पाकिस्तान भेजा जा। भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के 14 प्रकार के वीजा को रद्द करते हुए अटारी बॉर्डर को इसी कार्य केलिए खोल रखा है।

कहा कि जहां-जहां देश में इंडी गठबंधन की सरकारें हैं वहां पाकिस्तानियों को चिह्नित कर उन्हें उनके देश भेजने के लिए राज्य सरकार तत्परता नहीं दिखा रही। ऐसा लगता है उन पर तुष्टीकरण का भूत सवार है।

कहा कि इतना ही नहीं कांग्रेस नेताओं के सुर रोज बदल रहे। भारत सरकार द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक में वे मोदी सरकार के निर्णयों के साथ आतंकवाद और पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई का समर्थन करते हैं। वहीं कई वरिष्ठ नेता केंद्र सरकार, सेना की कार्रवाई पर सवाल खड़ा करने लगे। जो इनकी पुरानी आदत है।




कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धा रमैया और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी का बयान इसी से मिलता जुलता है।

कहा कि आज तो यूपी के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सेना और भारत की सैन्य शक्ति का मजाक उड़ा दिया। राफेल जैसे उच्च कोटि के लड़ाकू विमान को खिलौना बताया। जिसका हाइवे पर विगत दिनों प्रदर्शन कर सेना ने देश का गौरव बढ़ाया है।

कहा कि राफेल पर स्वास्तिक बनाकर पूजा करने का भी मजाक उड़ाया। यह कांग्रेस का पुराना सनातन विरोधी चरित्र है। जिसने राम के अस्तित्व को मानने से इनकार किया है। राम और रामसेतु दोनों को काल्पनिक बताया है।

कहा कि पहलगाम में हिंदू पहचान के कारण धर्म पूछ कर आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या की। लेकिन सवाल पूछ कर कांग्रेस इन लोगों को, सेना को अपमानित करने में पीछे नहीं हट रही। पहले भी सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किये हैं।

कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर संविधान बचाओ की बात करने आ रहे। जिस कांग्रेस ने संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर का बार-बार अपमान किया।

कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की, 370 लगातार राष्ट्र की एकता अखंडता पर चोट की, देश का विभाजन स्वीकार किया।

कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न से वंचित रखा, मंडल कमीशन को ठंडे बस्ते में डाल दिया, पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया, आरक्षण खत्म करने की बात की, धर्म आधारित आरक्षण का समर्थन किया, वही कांग्रेस संविधान बचाने की बात कर रही। 100 चूहे खाकर बिल्ली हज पर जाने सोच रही।

कहा वक्फ संशोधन कानून आज शेड्यूल 5 के तहत आनेवाले झारखंड राज्य के आदिवासी समाज की जमीन को सुरक्षित करने के लिए कवच बना है लेकिन तुष्टीकरण नीति में कांग्रेस इसके खिलाफ दुष्प्रचार कर रही।

कहा कि राहुल गांधी को अब कांग्रेस का पाप याद आ रहा। अगर उन्हें माफी मांगनी है तो टुकड़ों में क्यों मांग रहे पूरी जिम्मेवारी लें। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को लूटने और दिग्भ्रमित करने के अलावा कुछ नहीं किया।

प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थे।

# संविधान बचाओ रैली को विजय सभा के रूप में मनायेगी कांग्रेस : प्रदेश प्रभारी

पुराना विधानसभा मैदान में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार 6 मई को रांची के ओल्ड विधानसभा मैदान में कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन होना है। कांग्रेस पार्टी ने इसे विजय सभा के रूप में मनाने का फैसला लिया है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू, सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, एआइसीसी के प्रशासक गुरदीप सिंह सप्पल व अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के लिए तैयार होने को कांग्रेस पार्टी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत बताया। साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है। इसलिए कांग्रेस पार्टी इस मांग पर जीत होने पर विजय सभा के रूप में संविधान बचाओ रैली करेगी। कांग्रेस अगले एक सप्ताह तक जिला स्तर पर इसी तरह के कार्यक्रम करेगी।

प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि संसद में जातीय जनगणना की मांग करने वालों को बीजेपी के सांसद अर्बन नक्सल कहते थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा यह फैसला लेना कांग्रेस और विपक्ष का दबाव ही है। के राजू ने कहा कि अब हमारी मांग है कि तेलंगाना की तर्ज पर देशभर में जातीय जनगणना करायी जाये। क्योंकि तेलंगाना में जो जातीय जनगणना की गयी है, उसमें बहुत सारा इन्फॉर्मेशन एकत्रित किया गया है।




## संघर्ष तेज करेगी कांग्रेस: के राजू

प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि अब पार्टी जनसरोकार के तीन मांगों को लेकर जनता के बीच जायेगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनायेगी। आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग। इसके लिए एआइसीसी ने प्रस्ताव भी पास किया है। नेशनल बजट के एलोकेशन में एसटी/एससी के लिए बजट कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाया जाये और पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो। सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाये। के राजू ने बताया कि 2006 में यूपीए की सरकार ने संविधान के आर्टिकल 15(5) में इसका प्रावधान भी किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी में तो लाभ मिल रहा है, लेकिन निजी संस्थान में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। के राजू ने कहा कि पब्लिक को न्याय दिलवाने के लिए संविधान का जीवित होना जरूरी है। लेकिन भाजपा, आरएसएस संविधान खत्म करने की कोशिश कर रही है। जिसका विरोध कांग्रेस पार्टी करेगी।

## पीएम मोदी के इस यूटर्न का स्वागत करते हैं: गुरदीप सिंह सप्पल

एआइसीसी के प्रशासक गुरदीप सिंह सप्पल ने कहा कि राहुल गांधी को धन्यवाद देना इसलिए बनता है, क्योंकि जातीय जनगणना के चैंपियन राहुल गांधी ही हैं। गुरदीप सप्पल ने कहा कि रहुल गांधी ने कहा था कि उनके जीवन का मिशन यही है। उन्होंने कहा कि 2021 के चिंतन शिविर में पहली बार जातीय जनगणना का फैसला लिया गया था कि इसके लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। सप्पल ने कहा कि केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना न करवाने को लेकर कोर्ट में एफिडेविट लिखकर दिया था। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार की जातीय जनगणना से जुड़ी जानकारी और डाटा मोदी सरकार से साझा करने को तैयार हैं।

**ये बड़े नेता रैली में होंगे शामिल** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया मंगलवार की रैली के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी के राजू, गुरदीप सप्पल, श्रीबेला प्रसाद आदि शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना की घोषणा सिर्फ हेडलाइन बनकर न रहे, बल्कि इसकी डेडलाइन भी तय हो। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मंगलवार की रैली के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक होगी। जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल भी शामिल होंगे।

### पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की मांग

# पूर्व सीएम रघुवर दास ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को शीघ्र भारत से बाहर भेजने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन शुक्रवार को भाजपा द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला कार्यालय पहुंचकर सौंपा गया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर राज्य सरकार से मांग की कि केंद्र सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के आलोक में इस निर्णय को सख्ती से लागू किया जाये। इस संबंध में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रघुवर दास ने कहा, राज्य सरकार को केंद्र सरकार के निर्देशों का कड़ाई से पालन करना चाहिए और अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें शीघ्र देश से बाहर किया जाना चाहिए। देश की सुरक्षा और नागरिकों के हित में यह आवश्यक कदम है।




## डीएमओ ऑफिस का कंप्यूटर ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। डीएमओ ऑफिस में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को एसीबी रांची की टीम ने कार्रवाई करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए विंदेश तिर्की को दो हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि एसीबी को सूचना मिली थी कि कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा खनन संबंधी डाटा एंट्री के नाम पर घूस की मांग की जा रही थी। जबकि वादी घूस देने की तैयार नहीं था। जिसके बाद इसकी शिकायत एसीबी की गयी। जिसके बाद एसीबी के द्वारा मामले का सत्यापन किया गया, सत्यापन में घूस मांगे जाने की बात सही पायी गयी। जिसके बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया।

# साहिबगंज में व्यवसायी की हत्या के विरोध में बाजार बंद



पूर्व विधायक अनंत ओझा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन पूरी तरह विफल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज जिले में शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान संचालक की दिनदहाड़े गोली मारकर की गयी हत्या के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने सोमवार को अपने दुकानों को बंद रखा। घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रशासन से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। व्यवसायी की सरेशाम हत्या ने शहर की कानून व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इसे व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी बताया।

वहीं, राजमहल विधानसभा के पूर्व विधायक अनंत ओझा ने भी इस घटना को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

## राज्य में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं : बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि साहिबगंज के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में दुकानदार संजीव साह की गोली मारकर हत्या कर दी। राज्य में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं रह गयी है। पुलिस प्रशासन आम गरीब जनता पर रौब झाड़ने और वसूली करने में मशगूल है, जबकि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधी बेधड़क वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बाबूलाल ने सीएम से पूछा कि आखिर कब तक बेकसूर जनता अपनी जान गंवाते रहेगी। यदि अपराधी दुकानदारों को लक्षित कर इसी प्रकार निशाना बनाते रहे तो झारखंड में व्यवसाय करना भी मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने साहिबगंज पुलिस से तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### भाजपा ने राज्य भर में चलाया पाकिस्तानियों भारत छोड़ो कार्यक्रम

# आतंकी हमला हम न भूलेंगे, न माफ करेंगे : बाबूलाल

ज्ञापन सौंपकर सभी पाकिस्तानियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से सोमवार को पाकिस्तानियों भारत छोड़ो कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान भारत सरकार के समर्थन में अलग-अलग जिलों से सभी पाकिस्तानियों को बाहर किये जाने की मांग को लेकर आक्रोश प्रदर्शन किया। जिलों के डीसी को ज्ञापन सौंपकर सभी वैध, अवैध पाकिस्तानियों की पहचान कर उन्हें बाहर करने की मांग की। रांची में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी प्रदर्शन में मौजूद रहे। बाबूलाल ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में एकजुट होकर खड़ी है। सरकार ने आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए अनेक कठोर निर्णय लिये हैं। इसी क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए वीजा को निलंबित किया है। भाजपा राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्चता देती है। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति केंद्र ने अपनायी है। पहलगाम आतंकी हमला हम सब न भूलेंगे, न माफ करेंगे। पाकिस्तान लगातार आतंकी गतिविधियों में शामिल है। पहलगाम में किये गये हिंदू नरसंहार के खिलाफ भाजपा रांची जिला के द्वारा पाकिस्तानियों भारत छोड़ो नारे के साथ आयोजित आक्रोश प्रदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है।




पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पहलगाम में 28 बेगुनाह को धर्म पूछ कर हत्या करने वाले आतंकी, जो पाकिस्तान से आये थे, उनके इस कायरतापूर्ण कार्य को लेकर भारत सरकार ने यहां रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया है। ऐसे में पूरे देश से पाकिस्तानियों की पहचान कर उन्हें वापस पाकिस्तान भेजने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन झारखंड सरकार ने अभी तक किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को पाकिस्तान भेजने की पहल शुरू तक नहीं की है। उन्हें जानकारी मिली है कि रांची स्थित कई मोहल्ले में वर्षों से पाकिस्तानी नागरिक अपने बेटे-बेटियों, नाती नतिनी और पोते-पोतियों के साथ सरकारी लाभ लेते हुए गुजर बसर कर रहे हैं। उन्होंने रांची डीसी को ज्ञापन के माध्यम से मांग करते कहा कि इन सभी पाकिस्तानियों को चिह्नित करें और अविलंब पाकिस्तान भेजने की व्यवस्था राज्य सरकार करे।

# आइसीएसइ 10वीं बोर्ड की टॉपर शांभवी के घर पहुंचे शिक्षा मंत्री, गिफ्ट किया आइपैड



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आइसीएसइ 10वीं बोर्ड की नेशनल टॉपर सह जमशेदपुर के लोयला स्कूल की छात्रा शांभवी जायसवाल से राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने उनके कदमा स्थित घर पर पहुंच कर मुलाकात की। इस दौरान शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इस सफलता के लिए शांभवी जायसवाल को झारखंड सरकार की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ की शांभवी के पिता डॉ अभिषेक जायसवाल और मां डॉ ओजस्वी शंकर को भी बेटी की इस सफलता के लिए बधाई दी। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने शांभवी का हौसला वर्धन करते हुए उन्हें अपनी ओर से आइपैड भेंट किया।

वहीं भविष्य में शिक्षा संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता का आश्वासन भी दिया। इस दौरान शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर शांभवी और उनके परिजन भी काफी प्रसन्न हुए। इसे लेकर जेएमएम नेता कुणाल षाणंगी ने भी अपने एक्स हैंडल पोस्ट से जानकारी साझा की है। जिसमें शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के साथ जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, पूर्वी सिंहभूम की जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# राज्य के युवाओं को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनायें : श्रम मंत्री

**इमानदारी और निष्ठा से करें कर्तव्य निर्वहन**

**नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव सोमवार को नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किये। रांची के नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंत्री ने 12 नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से 13 प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मंत्री ने सभी नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि सभी अब सरकार के अभिन्न अंग हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर युवाओं का बेहतर भविष्य गढ़ने का जिम्मा है। युवाओं को अच्छी शिक्षा व प्रशिक्षण देकर कौशल विकास की दिशा में दक्ष बनायें, ताकि उन्हें रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी इमानदारी और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, नियोजन एवं प्रशिक्षण के निदेशक संजीव कुमार बेसरा, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अपर सचिव नागेंद्र पासवान, उपनिदेशक प्रशिक्षण देवेंद्र प्रसाद, उपनिदेशक नियोजन निशिकांत मिश्रा, मंत्री के पीएस पारितोष तिवारी एवं अमित कुमार बेसरा, सहायक निदेशक प्रशिक्षण अंजू अग्रवाल, नियोजन पदाधिकारी निदेशालय पंकज कुमार गिरी आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम सपारोम में एनएसएस शिविर का समापन

# ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित योगदा सत्संग महाविद्यालय की एनएसएस इकाई 1 द्वारा गोद लिये गये ग्राम सपारोम में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 30 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने गांव में जनसांख्यिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि विषयों पर सर्वेक्षण किया और स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा जैविक खेती के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

**स्वच्छता, योग और जैविक खेती पर जोर :** दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने स्वच्छता रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया और सफाई अभियान चलाया। महाविद्यालय के योग शिक्षक राजेश कुमार ने ग्रामवासियों को योग के लाभ बताये। शिक्षक डॉ सुमित कुमार पाठक ने जैविक खेती के विषय में जानकारी साझा की। तीसरे दिन खेल जागरूकता और 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' के माध्यम से कौशल विकास पर कार्य किया गया। चौथे दिन नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया, जबकि पांचवें दिन पोषण संबंधी जानकारी साझा की गयी। छठे दिन जल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलायी गयी और बच्चों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये।



### समापन समारोह में अनुभवों को किया साझा

सातवें दिन समापन समारोह महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। जहां दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर डायरेक्टर क्वालिटी वर्टिकल कर्नल हिमांशु शेखर, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ मल्लिका कुमारी, डॉ रविंद्र कुमार, डॉ मृत्युंजय कुमार और आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर सिमरन कौर उपस्थित थे। स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किये और अभिषेक कुमार ने सात दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य बिंदुओं को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। कर्नल हिमांशु शेखर ने स्वयंसेवकों को गांव के विकास के लिए उपयोगी सुझाव दिये, जबकि डॉ रविंद्र कुमार ने बच्चों को सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में, डॉ मल्लिका कुमारी ने स्वयंसेवकों, सचिव शासी निकाय एके सक्सेना, कर्नल हिमांशु शेखर, प्रोफेसर इंचार्ज प्रगति बक्शी और महाविद्यालय प्रशासन का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## देवनिका अस्पताल ने पहली वर्षगांठ मनायी

# टीमवर्क ही सफलता की कुंजी है, हम लगातार उत्कृष्ट के लिए प्रयासरत हैं : डॉ अनंत सिन्हा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** देवनिका अस्पताल के एक साल पूरा होने पर अध्यक्ष डॉ अनंत सिन्हा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में हमने लगभग एक हजार सर्जरी और सात सौ आइसीयू के साथ 1500 से अधिक प्रवेश हुए हैं जो किसी भी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज के समय में निजी अस्पतालों में देवनिका ट्रामा प्रबंधन नंबर वन है। हमारे यहां आपातकालीन चिकित्सा न्यूरो सर्जरी के विशेष विभाग है। कार्डियोलॉजी अत्याधुनिक है। इसमें लेप्रोस्कोपीक सर्जरी, जनरल सर्जरी, इएनटी, स्त्री रोग, यूरोलॉजी और ऑर्थोपेडिक सर्जरी पर 24 घंटे काम होता है। सबसे बढ़कर प्लास्टिक सर्जरी में यहां एक और विंग खोला गया है। डॉक्टर अनंत सिन्हा ने रांची और आसपास क्षेत्र के लोगों के द्वारा दिखाये गये विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीने में हम न केवल झारखंड से बल्कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ बिहार और यहां तक की उड़ीसा के सीमावर्ती राज्यों से भी कुछ लोगों की गंभीर सर्जरी को प्राप्त करने में सक्षम हुए हैं। यहां दस बेड की कैजुअल्टी और सबसे बढ़कर हमारे पास 70 वेट की आइसीयू है 35 आइसीयू बेड से शुरूआत की थी। हमारे पास 80 बेड का जनरल वार्ड देवनिका के पास आठ ऑपरेशन थिएटर, इसमें से छह मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर हैं। देवनिका गर्व से कहती है कि निजी क्षेत्र की एकमात्र मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल है। इसमें पूर्व संपूर्ण ट्रमा यूनिट है। छह महीना में हमारे यहां 250 बेड की सुविधा मरीजों को उपलब्ध होगी। इस मौके पर डॉ. प्रोफेसर अनिल कुमार, डॉ. सुधीर मिश्रा, डॉ. चित्रांश, डॉ. विराट हर्ष और डॉ. शशांक कुमार मौजूद थे।

# मंडा पूजा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है : लाल रंजीतनाथ शहदेव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्री मंडा पूजा समिति तुपुदाना शहदेव बस्ती की पूजा झूलन पूजा के साथ संपन्न हुई। इससे पहले भक्तों के द्वारा फुलखुंदी जिसमें जलते हुए अंगारों पर नंगे पैरों से चलकर पार किया गया और भक्तों ने महादेव से आशीर्वाद लिया। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सह समाजसेवी लाल रंजीत नाथ शहदेव ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड की संस्कृति का अभिन्न अंग है और आज हम सभी लोग इसकी प्रतिक्षा पूरे साल करते हैं और जब इसका समय आता है तो सभी लोग पूरी खुशी और उत्साह से इसको मानने का काम करते हैं। इस आयोजन में मुख्यरूप से अंकित सिंह, जतरु पाहन, पाइंभरआ, धुंच उरांव, तपे सिंह, लाल मोहित नाथ शहदेव, मुकेश शहदेव, वरुण शहदेव, दिनेश महतो, धर्मु महतो , लाल मोहित नाथ शहदेव, बिरसा उरांव आदि उपस्थित रहे।

# नकली डीआरएम पहुंचे जेल और भरा जुर्माना

**टिकट चेकिंग और आरपीएफ स्टॉफ ने पकड़ा फर्जी डीआरएम**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** टिकट चेकिंग स्टॉफ अमरजीत सिंह गाड़ी संख्या 12138 पंजाब मेल में अपनी नियमित ड्यूटी पर थे। इस दौरान जब वो ट्रेन को चेक करने के दौरान उनको प्रथम श्रेणी वातानुकूलित के एच/ए-1 कोच के कूपे सं -बी में एक व्यक्ति यात्रा करते हुए मिला। उससे जब परिचय पूछा गया तो उसने अपने आप को मंडल रेल प्रबंधक बताया। सतर्क स्टॉफ ने संदेह होने पर उनसे उनका परिचय पत्र एवं ट्रैवल अथॉरिटी मांगी पर वह व्यक्ति कोई भी ऐसा प्रपत्र नहीं प्रस्तुत कर सका। उसके बाद श्री सिंह ने रेलवे सुरक्षा बल को सूचना दी। उनके द्वारा भी पूछताछ करने पर पर उसने अपना नाम- वरुण सेगल बताया पर ना तो कोई भी परिचय पत्र और ना ही ऐसा कोई उसके पास अधिकृत कागजात थे। जिससे कि यह सिद्ध हो पाये कि उसकी पहचान क्या है। इसके बाद बीना स्टेशन पर टीटीइ द्वारा मेमो देकर रेलवे सुरक्षा बल बीना के सहायक उप निरीक्षक कंचन कुमार ताम्रकार व राजकीय रेलवे पुलिस के सहायक उप निरीक्षक केवल सिंह को उक्त के संबंध में बताया तब तक गाड़ी के सिग्नल हो गये थे इसलिए बीना में उक्त व्यक्ति को नहीं उतार पाये। इसके बाद उक्त व्यक्ति को गाड़ी चलने पर 2 स्टाफ के साथ भोपाल भेजा गया।

इसी क्रम में टीटीइ द्वारा उक्त फर्जी डीआरएम से किराया जुर्माना 4170/- रुपये वसूला गया। ट्रेन के भोपाल स्टेशन पर पहुंचने पर टीटीइ के मेमो पर राजकीय रेलवे पुलिस भोपाल उक्त व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु अपने साथ ले गयी। जीआरपी थाना भोपाल द्वारा प्रस्तुत तहरीर पर रेल सुरक्षा बल भोपाल पोस्ट द्वारा अपराध क्रमांक 1621/25 धारा 145,146 के तहत आरोपी वरुण सहगल पर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी, जिसके तहत न्यायालय द्वारा आरोपी पर 1500 रुपये जुर्माना और रेलवे रसीद संख्या जी976507 के तहत 4100 का दंड किया गया है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत के दर्शन करायेगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

**हैरिटेज स्पेशल टूर में पर्यटकों को रायगढ़ किला, पुणे (लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर (महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला) दिखाये जायेंगे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** भारतीय रेल पहली बार ह्यछत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट पर हैरिटेज टूर का आयोजन करने जा रही है। इस टूर में मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर किया जायेगा। भारत गौरव ट्रेन अपनी यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से करेगी, और कोंकण रेलवे नेटवर्क पर स्थित मनगांव रेलवे स्टेशन पहुंचेगी – जो रायगढ़ किले का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन है। रायगढ़ वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में उनकी राजधानी भी बना। रायगढ़ किला घूमने के बाद पर्यटक ट्रेन पर वापस आयेंगे और पुणे के लिए रवाना होंगे, जहां रात के खाने और होटल में रात्रि विश्राम की व्यवस्था होगी। यात्रा के दूसरे दिन पर्यटकों को पुणे के प्रमुख स्थलों- लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि - दिखाये जायेंगे। लाल महल का निर्माण 1630 ई. में शाहजी भोंसले ने अपनी पत्नी जीजाबाइ और पुत्र शिवाजी के लिए करवाया था। वर्तमान संरचना 1984 में पुनर्निर्मित हुई है और इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़ी तैल चित्रों की एक विशाल श्रृंखला लगी है। कसबा गणपति मंदिर, पुणे के ग्रामदेवता के रूप में प्रसिद्ध है जिसे 1893 में स्थापित किया गया। माना जाता है कि इस स्थान को छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाइ द्वारा चुना गया था। इसके बाद से ही पुणे को भगवान गणेश का नगर कहा जाने लगा। पर्यटक यहां से शिवसृष्टी जायेंगे, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भारत का सबसे बड़ा थीम पार्क है। यहां पर्यटक 3डी में शिवाजी के जीवन दर्शन और अन्य इंटरैक्टिव सेशंस का आनंद लेंगे।

पुणे में रात्रि विश्राम के बाद पर्यटक यात्रा के तीसरे दिन पुणे से लगभग 95 किलोमीटर दूर स्थित शिवनेरी किले की यात्रा करेंगे, जो जुन्नार सिटी के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मस्थान और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव का प्रतीक है। इसी दिन दोपहर के भोजन के बाद पर्यटक 12 ज्योतिलिंर्गों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए पर्यटक पुणे लौटेंगे।

'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर' के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेन यात्रा 09 जून 2025 को प्रस्थान करेगी। 5 रात और 6 दिन की इस यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से होगी। अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन, स्लीपर, सेकेंड एसी और थर्ड एसी कोच के साथ कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता रखती है। पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशनों से भी सवार हो सकते हैं। चौथे दिन पर्यटक भारत गौरव ट्रेन के साथ सतारा के लिए प्रस्थान करेंगे और प्रतापगढ़ किले का भ्रमण करेंगे। यह वही ऐतिहासिक किला है जहां 1659 में अफजल खान और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच युद्ध हुआ था, जिसने मराठा साम्राज्य की नींव रखी। दिन में लंच के बाद ट्रेन अपने अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए रवाना होगी।

पांचवें दिन की सुबह ट्रेन छत्रपति शाहू जी महाराज टर्मिनस, कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यहां होटल में नाश्ते और तैयारियों के बाद पर्यटक महालक्ष्मी मंदिर (अंबाबाई) और फिर पन्हाला किला जायेंगे। सह्याद्री पर्वत पर स्थित यह किला कई ऐतिहासिक लड़ाइयों का साक्षी रहा है। यहीं शिवाजी महाराज 500 दिनों तक रुके और फिर सफलतापूर्वक निकल भागे थे।

पन्हाला किला अपने सांप-जैसे आकार के कारण फोर्ट ऑफ स्नेक्स भी कहलाता है। यह किला शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज के जीवन से जुड़ा है। यह स्थल शिवाजी महाराज के कमांडर बाजी प्रभु देशपांडे की वीरता के लिए भी याद किया जाता है। यहां से देर शाम को ट्रेन मुंबई के लिए वापसी यात्रा पर निकलेगी और छठे दिन सुबह मुंबई पहुंचेगी।

इस यात्रा का आयोजन भारतीय रेल के टूरिज्म एंड कैटरिंग कॉरपोरेशन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें होटल में रात्रि विश्राम, शाकाहारी भोजन, बसों के जरिए दर्शनीय स्थल भ्रमण, यात्रा बीमा और टूर एस्कॉर्ट आदि की सुविधाएं मिलेंगी।

# चास अंचल निरीक्षक राजीव रंजन का दिल्ली के मैक्स अस्पताल में निधन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चास (मु) अंचल निरीक्षक राजीव रंजन का दिल्ली के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से मुंह के कैंसर से पीड़ित थे और पिछले कुछ समय से दिल्ली में उनका इलाज चल रहा था। राजीव रंजन 1994 बैच के पुलिस अधिकारी थे और बोकारो पुलिस महकमे में एक अनुशासित, जिम्मेदार और कर्मठ अफसर के रूप में जाने जाते थे। उनके असामयिक निधन की खबर से बोकारो पुलिस परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी है। पुलिसकर्मियों और सहयोगियों ने उन्हें एक मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में याद किया। उनके निधन को बोकारो पुलिस के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है।



# कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदीकरण पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** योगदा सत्संग महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ श्यामला कंडादाई ने लैंगिक समानता पर बल दिया। रांची स्थित योगदा सत्संग महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के सहयोग से कार्यस्थल पर लिंग संवेदीकरण का महत्व विषय पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची की विधि संकाय की प्रोफेसर डॉ श्यामला कंडादाई ने कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता, समानता और समावेशिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।




कार्यक्रम की शुरूआत में प्रोफेसर इंचार्ज प्रगति बक्शी ने अतिथि का स्वागत करते हुए इस विषय की महत्ता पर बल दिया। आइक्यूएसी की समन्वयक सिमरन कौर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मंच संचालन अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर अपर्णा पांडेय ने किया। कार्यक्रम में कर्नल हिमांशु शेखर सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।





# जल प्रबंधन में महेंद्र मोदी का नवाचार जल संरक्षण में काफी कारगर : स्पीकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने जल संरक्षण अभियान से संबंधित जलगुरु महेंद्र मोदी (आइपीएस, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, सेवानिवृत्त, वर्तमान में जल संरक्षण सलाहकार, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश और सलाहकार बाढ़ -सुखाड़ विश्व जल आयोग, स्वीडन) की पुस्तक 'ऐ मेरे प्यासे वतन' का लोकार्पण सोमवार को अपने झारखंड विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि जल प्रबंधन में मोदीजी का नवाचार जल संरक्षण में अनावश्यक जटिलता को कम करेगा। झारखंड जैसे प्रदेशों के लिए यह काफी कारगर भी साबित हो सकता है। अध्यक्ष ने श्री मोदी के प्रयासों की सराहना की और जल संरक्षण के लिए प्रेरणादायी बताया।

लेखक महेंद्र मोदी ने भूगर्भ जल स्तर तेजी से उठाने और जल प्रबंधन के निमित्त वैज्ञानिक और व्यवहारिक प्रयोग के माध्यम से अपने कई मॉडल विकसित किये हैं। उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते बताया कि उनके द्वारा अपनाये गये मॉडल प्रदूषण रहित, मितव्ययी, आसान, तकनीकों से संरक्षण और परिशोधन के लिए उपयोगी साबित हुआ है। उनके 4 मॉडल को पेटेंट ऐक्ट 1970 के अंतर्गत पेटेंट अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं।

पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में उन्होंने अपनी पुस्तक में जल प्रबंधन के संबंध में विभिन्न आयामों और उनके द्वारा विकसित किये गये मॉडलों का संक्षिप्त विवरण भी रखा।

महेंद्र कूप मॉडल के बारे में बताया कि इस मॉडल से हर प्रकार का सूखा कुआं, बोरवेल, ट्यूबवेल, समर्सिबल पंप सेट, हैंडपंप आदि को पुनर्जीवित किया जा सकता है। झारखंड में भी 4 महीने में पुनर्जीवन संभव है। कहा कि ऐसा बुंदेलखंड, उत्तर प्रदेश में करके दिखाया गया है। बहुमंजिली इमारत या कम से कम 23 फीट या दो मंजिली बिल्डिंग में बिना बिजली के पेय जल, रसोई जल साफ किया जायेगा। इससे भूजल की बचत होगी। यह पायलट प्रोजेक्ट लखनऊ में तैयार किया गया है। स्वास्थ्य के लिए इसका जल पूरी तरह निरापद जल होगा। विभिन्न जल प्रबंधन की तकनीकों के संबंध में पुस्तक में विस्तृत विवरण का उन्होंने हवाला दिया। लोकार्पण कार्यक्रम में विधानसभा सदस्य सरयू राय, देवेंद्र कुंवर, सुदर्शन प्रसाद मंडल (पुलिस महानिरीक्षक, संगठित अपराध, सीआइडी), नौशाद आलम (डीआइजी कार्मिक), माणिक लाल हेंब्रम प्रभारी (सचिव, झारखंड विधानसभा), मधुकर भारद्वाज (संयुक्त सचिव, झारखंड विधानसभा) एवं अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे।




# बारिश के चलते रद्द हुआ मैच

## सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ से बाहर; दिल्ली कैपिटल्स का भी बिगड़ा खेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने का सपना बारिश के चलते चकनाचूर हो गया है। बारिश के चलते आइपीएल 2025 का 55वां मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। इस मैच में एसआरएच और डीसी आमने-सामने हुए। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बनाये थे।

सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी लाइनअप के आगे यह स्कोर बहुत छोटा था, लेकिन बारिश ने दिल्ली को बचा लिया। मैच रद्द होने के चलते दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। दिल्ली के 11 मैच में अब 13 अंक हो गये हैं। हैदराबाद 7 अंक के साथ 9वें स्थान पर काबिज है, उसकी प्लेऑफ की उम्मीद पूरी तरह से खत्म हो गयी है।

**टॉप आर्डर पूरी तरह ध्वस्त :** सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाया। रफ्फ़ ने शुरुआत में ही दिल्ली कैपिटल्स को बैकफुट पर धकेल दिया था। पैट कमिंस ने पहले तीनों ओवरों की पहली गेंद पर तीन विकेट चटकाये और फिर इसके बाद भी विकेटों का सिलसिला थमा नहीं, जिसके चलते दिल्ली को अंत में आशुतोष को इंपैक्ट सब के तौर पर लाना पड़ा।

दिल्ली कैपिटल्स का टॉप ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। करुण नायर (0), फॉफ डुप्लेसिस (3), अभिषेक पोरेल (8), केएल राहुल (10), कप्तान अक्षर पटेल (6) और विप्रज निगम (18) 62 रन के अंदर ही पवेलियन लौट गये। पैट कमिंस और हर्षल पटेल ने घातक गेंदबाजी की।

हालांकि, आशुतोष (41) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 41) के बीच अर्धशतकीय साझेदारी ने दिल्ली को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। पहली पारी में गेंद फंस कर आ रही थी। पैट कमिंस ने चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

**हैदराबाद प्लेऑफ से बाहर :** मैच धुलने पर हैदराबाद के 11 मैच में 7 अंक हो गये हैं। इसके बाद तीन मैच जीतने पर भी उसके 13 अंक ही होंगे। 4 टीमें के पहले से ही 14 या इससे ज्यादा के अंक हैं। दिल्ली कैपिटल्स की भी राह मुश्किल हो गयी है। दिल्ली कैपिटल्स के 10 मैच में 12 अंक हैं। उसके पास 20 अंक तक पहुंचने का मौका है। मैच धुलने पर 1 अंक मिला। दिल्ली के 13 अंक हो गए हैं। बाकी के तीनो मैच जीतने होंगे, तब वह 19 अंक तक पहुंच सकता है।

**रोचक हुई प्लेऑफ की लड़ाई :** आइपीएल 2025 प्लेऑफ की रेस की बात करें आरसीबी के 16, पंजाब किंग्स के 15, मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के 14-14 अंक हैं। दिल्ली कैपिटल्स के 12, कोलकाता नाइट राइडर्स के 11, लखनऊ सुपर जायंट्स के 10 और सनराइजर्स हैदराबाद के 6 अंक हैं। ऐसे में आरसीबी, पंजाब और मुंबई का प्लेऑफ में पहुंचना लगभग तय हो जायेगा, लेकिन गुजरात, दिल्ली और केकेआर में लड़ाई बढ़ जायेगी।

# संविधान बचाओ रैली में दिखेगी आकर्षक झांकी : बंधु

**संविधान पर आधारित दो झाकियां रैली में आने वाले लोगों को करेंगी आकर्षित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पुराना विधानसभा मैदान में कांग्रेस के द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस रैली के लिए विशेष तौर पर दो झांकी तैयार की गयी है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के आवास इस झांकी को तैयार किया गया है। इस झांकी की विशेषता ये है कि इसमें संविधान के पुस्तक को प्रतीक तौर पर तैयार किया गया है। झांकी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, झारखंड के बोनिफास लकड़ा की मूर्ति लगायी गयी है। इस झांकी में संविधान की झलक देखने को मिलेगी। वहीं दूसरी झांकी में महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के साथ सर्व धर्म भाव को बखूबी दर्शाया गया है। झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू सहित कांग्रेस के बड़े नेता झांकी को देखने के लिए देर रात बंधु तिर्की के आवास पहुंचे थे। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रैली की सफलता के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। मांडर विधानसभा क्षेत्र से 150 छोटी-बड़ी गाड़ियों से 15 हजार से ज्यादा लोग संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे।



सोमवार की देर रात कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली की तैयारी करते कांग्रेसजन।

# संविधान बचाओ रैली में उमड़ेगा जनसैलाब: शशि भूषण राय

**कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा का देगी संदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने 6 मई को होनेवाली 'संविधान बचाओ रैली' के संबंध में कहा कि भाजपा सरकार लगातार संवैधानिक मूल्यों का हनन कर रही है और देश की लोकतांत्रिक भावना को कमजोर करने पर तुली हुई है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता प्रदीप यादव के नेतृत्व में तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी के राजू एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में झारखंड कांग्रेस के सभी मंत्री, सांसद, विधायक, विभिन्न मोर्चा प्रमुख, नेता और कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने में जुटे हैं। इस रैली का उद्देश्य जनता के बीच यह संदेश पहुंचाना है कि केंद्र की भाजपा सरकार अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान को कमजोर कर रही है। आज देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं पर निष्पक्षता का संकट मंडरा रहा है, जिससे भारत की लोकतांत्रिक आत्मा को ठेस पहुंच रही है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद से लेकर सड़क तक संविधान की रक्षा के लिए अथक प्रयास किये हैं। जब-जब सरकार ने संवैधानिक मूल्यों को तोड़ने की कोशिश की, राहुल गांधी ने उसका पुरजोर विरोध किया। उन्होंने जाति जनगणना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाकर सरकार को जनभावनाओं के सामने झुकने पर मजबूर किया। यह सिर्फ राहुल गांधी की जीत नहीं, बल्कि देश के पिछड़े और वंचित वर्गों की जीत है।

इस महारैली के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच संविधान के संरक्षण का संदेश पहुंचा रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान आम लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है, क्योंकि जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और संवैधानिक अधिकारों के हनन से त्रस्त है। केंद्र की भाजपा सरकार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड की गठबंधन सरकार से सीख लेने की जरूरत है, जो जनता की आकांक्षाओं पर खरी उतरते हुए



विकास और न्याय का मॉडल पेश कर रही है। भाजपा को समझना पड़ेगा की संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि भारत की एकता, समानता और लोकतंत्र की आधारशिला है। कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर इसकी रक्षा के लिए संघर्षरत है और जनता के साथ मिल कर भाजपा की तानाशाही प्रवृत्ति का मुकाबला करेगी।

# आप कैथोलिक हो सकते हैं या फिर आदिवासी : चंपाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि आज एक नया शब्द सुना वह है कैथोलिक आदिवासी। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि कोई इन्हें बताये कि या तो आप कैथोलिक हो सकते हैं या फिर आदिवासी। दोनों एक साथ होना संभव ही नहीं है, क्योंकि संविधान के हिसाब से आदिवासी अनुसूचित जनजाति में आते हैं, जबकि इसाई अल्पसंख्यक में।

चंपाई ने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि नवंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि इसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं होती इसलिए धर्म परिवर्तन के साथ ही आप दलित/आदिवासी होने की पहचान खो देते हैं। आदिवासियों की पहचान उनकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं, भाषा, और जीवनशैली में निहित है। हम पेड़ के नीचे बैठ कर पूजा करने वाले लोग हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक, हमारे जीवन के सभी संस्कारों को पाहन, पड़हा राजा, मानकी मुंडा एवं मांझी परगना पूरा करवाते हैं, जबकि धर्म परिवर्तन के बाद वे लोग इसके लिए चर्च में जाते हैं।

सवाल करते हुए आगे लिखा है कि वहां मरांग बुरु या सिंग बोंगा की पूजा होती है क्या? जिस किसी ने भी धर्म परिवर्तन कर लिया अथवा आदिवासी जीवनशैली का त्याग कर दिया, उनसे हमें कोई दिक्कत नहीं है। आप जहां हैं, आराम से रहिए, लेकिन हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भारतीय संविधान द्वारा आदिवासी समाज को दिये गये आरक्षण के अधिकार में आप अतिक्रमण ना कर सकें। जागो आदिवासियों, जागो।

# रांची में खराब सड़कों के मामले में हाइकोर्ट में सुनवाई आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को रांची शहर के संपर्क रोड और आंतरिक सड़कों की मरम्मत की मांग के लिए दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दौरान रांची नगर निगम ने अपना शपथपत्र दाखिल कर दिया। जबकि सरकार की ओर से शपथपत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी। इस पर अदालत ने राज्य सरकार को मंगलवार को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। अब इस मामले में हाइकोर्ट मंगलवार 6 मई को सुनवाई करेगा।

हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट में रांची नगर निगम की ओर से शपथपत्र में बताया गया है कि लालजी हीरजी रोड, विष्णु टॉकीज लेन, मधुकम रोड और माउंट मोटर रोड रांची नगर निगम के अधीन हैं।

इन सड़कों की मरम्मत के लिए 25 सितंबर 2024 और छह मार्च 2025 को नगर विकास विभाग से पत्र लिख फंड स्वीकृत करने का आग्रह किया गया है। इस संबंध में शुभम कटारूका ने जनहित याचिका दायर की है। जनहित याचिका में कहा गया है कि रांची की मुख्य सड़कों को छोड़ सभी सहायक सड़कों की हालत खराब है। खासकर बड़ा तालाब के चारों ओर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इस सड़क से मरीज को ले जाने वाली एंबुलेंस को भी परेशानी होती है।

# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के 14 इंजीनियरों का तबादला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 14 इंजीनियरों का तबादला किया है। सोमवार को पेयजल विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया।

## कौन कहां गये

- विजय कुमार एडविन: प्रावैधिक सचिव, क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, दुमका प्रक्षेत्र, दुमका को प्रभारी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- मनीष कुमार: तकनीकी सलाहकार, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, रांची को प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- सुरेंद्र कुमार दिनकर: प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी को प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- जेसन होरो: कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सरायकेला को कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- ललित इंदवार: उप निदेशक-1, पीएमयू, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, रांची को प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सरायकेला के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- चंदन कुमार: तकनीकी सलाहकार, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला को कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, तेनुघाट के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- अनूप कुमार महतो: तकनीकी सलाहकार, पेयजल एवं स्वच्छता रांची अंचल, रांची को कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जामताड़ा के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- अविक अंबाला: प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पदस्थापन की प्रतीक्षारत को प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गिरिडीह-2 के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- अनंत प्रसाद सिंह: कार्यपालक अभियंता (अनुश्रवण) से कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पाकुड़ के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- जितेंद्र कुमार कुजूर: कार्यपालक अभियंता (गुण नियंत्रण) से कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चक्रधरपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- नवीन भगत: प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चक्रधरपुर से उप निदेशक-1, पीएमयू, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- भीखराम भगत: कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गिरिडीह-2 से कार्यपालक अभियंता (गुण नियंत्रण), सीडीओ, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- राहुल श्रीवास्तव: प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पाकुड़ से प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गिरिडीह-1 के पद पर पदस्थापित किया गया है।
- राहुल प्रियदर्शी: प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जामताड़ा से प्रभारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मधुपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 81 date 16.04.2024, I Kunti Devi W/o. Suraj Kumar Singh R/o. Vill.- Sandi, Po.- Bharechnagar, P.o- Mandu, Dist.- Ramgarh, Jharkhand, do hereby solemnly affirm as under :- 1. That my true and correct Name is Kunti Devi, which is mentioned in my Voter ID Card No. GLM8643827. 2. That in my Aadhar Card no. 3071 8600 3549 my name is wrongly written as sonali Devi. 3. That I am know and called by kunti devi for all purposes. 4. That my true and correct name is kunti Devi . 5. That the statements made above are ture and correct.

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 101 दिनांक 03.04.2025 । मैं हीरालाल महतो पिता मोती महतो, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी ग्राम-करमा (टोला बलिया), पो0- करमा, थाना -माण्डू जिला - रामगढ़ (झारखण्ड) राष्ट्रीयता - भारतीय निम्नलिखित ब्यान शपथ पूर्वक करता हूँ कि -

1. यह कि मेरी पुत्री का सही वास्तविक नाम RAWINA KUMARI है जो आधार कार्ड में दर्ज है जिसका आधार संख्या 7937 4617 6105 है।
2. यह कि, मैं अपना पुत्री का नाम से पोस्ट ऑफिस रामगढ़ में सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खोलवाया था जिसमें मेरी पुत्री का नाम RAVIAN KUMARI दर्ज हो गया है। जिसको खाता संख्या 8223601183 है। यह कि RAWINA KUMARI व RAVIN KUMARI एक ही बच्ची का नाम है जो मेरी पुत्री है।

यह की यह शपथ पत्र मै अपनी पुत्री का नाम पोस्ट ऑफिस का खाता में RAVIN KUMARI के स्थान पर RAWINA KUMARI करने हेतू बना रहा हूं।

यह कि उपरोक्त लिखित कथन सत्य व सही है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

निविदा सूचना सं. पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/13, दिनांक 02.05.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 द्वारा 'ई' प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे निम्नानुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएंगी। **क्रमांक एवं निविदा सं., खुलने की नियत तारीख, संक्षिप्त विवरण, मात्रा, ईएमडी रकम** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) 33253065;** 30.06.2025; फिएट आईआर बोगी के लिए प्राइमरी वर्टिकल डम्पर; 14170 अदद; रु. 13,87,830/-। **(2) 33253017;** 26.06.2025; एक्सल बॉक्स पाइवोट बुश; 10318 अदद; रु. 10,52,740/-। **(3) 33253092;** 20.06.2025; इंटर कार गैंगवे माउंटिंग; 1370 अदद; रु. 10,94,620/-. **(4) 33253012;** 18.06.2025; बॉल ज्वाइंट ट्रैक्शन लीवर; 15042 अदद; रु. 3,47,160/-। **(5) 33253013;** 16.06.2025; बॉल ज्वाइंट रोल लिंक; 12847 अदद; रु. 4,62,360/-। **(6) 33251479;** 12.06.2025; प्राइमरी सस्पेंशन के लिए टीपीयू रिंगों का सेट; 1150 सेट; रु. 5,25,430/-। **(7) 33255005;** 10.06.2025; रेट्रोफिटमेंट की आपूर्ति एवं स्थापना; 345 सेट; रु. 13,37,730/-। **(8) 33253477;** 04.06.2025; एफआईबीए का आवश्यक रूप से बदलाव किया जाने वाला किट; 1620 सेट; रु. 10,24,620/-। **(9) 38250050;** 27.05.2025; 3 मद सम्मिलित एमके-50 उच्च क्षमता ड्राफ्ट गीयर के लिए पीओएच किट-1; 140 सेट; रु. 2,29,550/-। **(10) 38251527;** 29.05.2025; कैसनब 22 एचएस बोगी (डिजाइन ए) इत्यादि के लिए 3 मद सम्मिलित पीयू पैड का किट; 12700 सेट; रु. 20,00,000/-। **(11) 38253343;** 02.06.2025; अपग्रेडेड एचटी-सीबीसी इत्यादि के लिए लॉक लिफ्ट लीवर असेम्बली; 16800 अदद; रु. 2,78,630/-। **(12) 38251523;** 23.06.2025; कैसनब 22 एनएलबी एवं कैसनब 22 एचएस बोगियों के लिए 3 बोगी सेंटर पाइवोट टॉप (स्फेरिकल टाइप); 3630 अदद; रु. 5,00,300/-। **(13) 38251517;** 07.07.2025; काट्रिड्ज रोलर बीयरिंग के लिए (सकरा जॉ एवं चौड़ा जॉ के लिए) साइड फ्रेम की; 268870 अदद; रु. 7,23,370/-। **(14) 38253048;** 10.07.2025; उच्च क्षमता ड्राफ्ट गीयर पैड इत्यादि; 12800 अदद; रु. 2,16,590/-। **(15) 38253344;** 14.07.2025; उन्नत एचटी-सीबीसी इत्यादि के लिए स्ट्राइकर कॉस्टिंग वीयर प्लेट; 82470 अदद; रु. 4,37,570/-। **(16) 60255123;** 29.05.2025; प्री स्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर इत्यादि का निर्माण एवं आपूर्ति; 510 सेट; रु. 20,00,000/-। **(17) 60255092;** 30.05.2025; स्पेशल फ्लैट बीयरिंग प्लेट; 2702 सेट; रु. 20,00,000/-। **(18) 60255119;** 02.06.2025; प्रीस्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर इत्यादि का निर्माण एवं आपूर्ति; 2000 सेट; रु. 11,32,800/-। **(19) जीईएम बोली सं. जीईएम/2025/बी/6183817;** 22.05.2025; कार्यकारी वोल्टेज के लिए एक्सएलपीई केबल तथा 1.1 केवी सहित आईएस 7098 (पार्ट1) (क्यू 2) के अनुसार, नियत तारीख 22.05.2025 तक; 15000 मीटर; रु. 1,18,500/-। **(20) 29244855;** 21.05.2025; वाइंडिंग वायर फ्लैट एफआई सीयू एफओ 13 सीआर; 4800 किग्रा; रु. 1,64,770/-। **(21) 25253578;** 28.05.2025; पावर सर्किट अर्थ फॉल्ट रिले क्यूओपी; 105 अदद; रु. 1,88,080/-। **(22) 29253815;** 03.06.2025; लैबीरिंथ एवं बीयरिंग कैप का सेट; 2134 सेट; रु. 18,32,180/-। **(23) 25253622;** 17.06.2025; माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्पीड सह इनर्जी मोनिटरिंग सिस्टम; 78 अदद; रु. 4,46,670/-। **(24) 29251318;** 01.07.2025; कॉनवर्टर/ट्रांसफॉर्मर के लिए ऑयल कूलर रेडिएटर; 77 अदद; रु. 6,90,540/-। **(25) 29251319;** 03.07.2025; मेन कॉम्प्रेशर (ऑयल लुब्रिकेटेड); 46 अदद; रु. 6,85,070/-। **(26) 29251317;** 09.07.2025; ग्रॉसएड मेन गीयर-107 टीथ; 129 अदद; रु. 3,60,620/-। **(27) 29253816;** 07.08.2025; लेबिरिंथ तथा बीयरिंग कैप का सेट; 1050 सेट; रु. 9,01,940/-। **(28) 29250031;** 30.05.2025; सिलिंड्रिकल रोलर बीयरिंग का सेट; 824 सेट; रु. 11,45,390/-। **(29) 72253053;** 26.05.2025; टी.सी. इंसर्ट न्यूट्रल अपेंडेड, 30 मिमी लंबा; 11630 अदद; रु. 2,27,530/-। इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए तथा इसके उपरांत प्रकाशित किसी भी संशोधन हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-115)**

# भारत के लिए बड़ा मौका

एपल का प्लान कि अमेरिका में बिकने वाला हर आइफोन भारत में बना हो, मेक इन इंडिया के लिए एक बड़ा मौका है, लेकिन ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की जगह लेने के लिए भारत को बहुत कुछ करना होगा, जिसका मौका डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से उसे मिला है। भारत में आइफोन की कहानी बड़ी कारोबारी सफलताओं में से एक रही है। इस साल अभी तक भारत ने एपल के लिए 25-30% आइफोन बनाये हैं, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 18% था। यह तरक्की बढ़िया खबर है, लेकिन एक सच यह भी है कि भारत में जितना प्रॉडक्शन हो पाता है, अमेरिका में आइफोन का बाजार उससे कहीं बड़ा है। 2024 में अमेरिका में 7.59 करोड़ आइफोन बिके थे, जबकि इस साल मार्च में भारत से 31 लाख यूनिट वहां भेजी गयी थीं। यानी एपल के चीफ टिम कुक की प्लानिंग के हिसाब से अगर भारत को पूरे अमेरिका की मांग को पूरा करना है, तो मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी को बढ़ाना होगा। अच्छी बात यह है कि तमिलनाडु के होसुर और बेंगलुरु में दो नयी फैसिलिटी तैयार हैं और इनके जल्द शुरू होने की उम्मीद है। भारत के पास कुछ साल पहले भी ऐसा मौका आया था - कोरोना, 2018 के ट्रंप के चीन के साथ ट्रेड वॉर और दक्षिण चीन सागर में उभरते तनाव के मद्देनजर जब दुनिया चीन प्लस वन ऑप्शन की तलाश कर रही थी। उस समय वियतनाम जैसे देशों ने बाजी मार ली थी।

**आइफोन की सफलता वैश्विक स्तर पर भारत की हैसियत बढ़ायेगी और तब इन आंकड़ों को भी बदला जा सकेगा। इस वक्त अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भी बात चल रही है। इसके अंजाम पर पहुंचने से नयी दिल्ली के पास अमेरिकी कंपनियों को लुभाने का एक और कारण होगा।**

उसे कम कॉरपोरेट टैक्स रेट, निवेश में आसानी और सस्ते श्रम का फायदा मिला। मौजूदा टैरिफ वॉर से भारत को जो मौका मिला है, उसे हाथ से नहीं निकलने देना चाहिए। खास कर यह देखते हुए कि दुनिया का कारोबारी माहौल उसके पक्ष में है। कोरोना के वक्त से अमेरिकी कंपनियों पर चीन से बाहर निकलने का जो दबाव था, वह हाल में ट्रंप के टैरिफ वॉर से और बढ़ गया है। ट्रंप प्रशासन ने चीन पर 245%, जबकि भारत पर 26% का आयात शुल्क लगाया है, और इसे भी फिलहाल 90 दिनों के लिए टाल रखा है। एपल की भारत में दिलचस्पी की बड़ी वजह यही है। फिर पीएलआइ जैसी सरकारी योजनाओं ने भारत में उत्पादन को सस्ता बना दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी 8.4% है और चीन की 76.6%। आइफोन की सफलता वैश्विक स्तर पर भारत की हैसियत बढ़ायेगी और तब इन आंकड़ों को भी बदला जा सकेगा। इस वक्त अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भी बात चल रही है। इसके अंजाम पर पहुंचने से नयी दिल्ली के पास अमेरिकी कंपनियों को लुभाने का एक और कारण होगा।

अभिमत आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर स्वयं यह वक्तव्य दे चुके हैं कि अब दुश्मन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है, तो उन्होंने केवल आम लोगों को खुश करने के लिए नहीं बोला होगा। सारे प्रमुख मंत्रिमंडलीय समितियां, सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक मामलों को लेकर बैठकें हो चुकी हैं। विदेश मंत्री लगातार विदेशी नेताओं से बात कर रहे हैं और नयी दिल्ली स्थित प्रमुख दूतावास के लोगों से संवाद हो रहा है। सैन्य प्रमुखों से मुलाकात के बाद यही बयान आया कि सरकार ने सेना को पूरी स्वतंत्रता दी है कि वह अपने अनुसार सूचनाओं के आधार पर जैसे चाहें कार्रवाई करें उसे सरकार का हर तरह का समर्थन प्राप्त होगा।**

# भारत पाक के विरुद्ध जो कर सकता है कर रहा है और करेगा

**अवधेश कुमार**

इस समय विपक्ष का बयान है कि वह जम्मू-कश्मीर और पहलगाम मामले पर सरकार के साथ है। इससे पहली दृष्टि में आतंकवाद के विरुद्ध देश की एकता का संदेश जाता है। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यह कह रहे हैं कि सरकार की दिशा स्पष्ट नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण और अत्यंत चिंताजनक है कि ऐसे समय जब राजनीतिक दलों में एकता दिखनी चाहिए, आरोप-प्रत्यारोप और छींटाकशी का तीखा दौर चल रहा है। आतंकवादी हमले के मामले में स्वयं कांग्रेस का रिकॉर्ड इतना बुरा है कि अगर उस दृष्टि से देखें तो फिर उसके द्वारा प्रश्न उठाने या नरेंद्र मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करने का नैतिक आधार नहीं होना चाहिए। हालांकि विपक्ष के द्वारा सरकार पर दबाव बढ़ाना या कमियों को सामने लाना स्वाभाविक स्थिति होती है।

हमारा दृश्य इससे अलग है। दबाव डालने और प्रश्न उठाने के पीछे स्पष्ट इरादा दुश्मन के विरुद्ध निर्णायक प्रतिकार का होना चाहिए। ध्यान से देखेंगे तो कांग्रेस सहित अनेक पार्टियां सरकार पर तो प्रश्न उठा रही हैं, यह भी कह रही हैं कि कार्रवाई के मामले में सरकार के साथ हैं, पर आपको इनमें पाकिस्तान का नाम नहीं मिलेगा। दूसरे, इस समय धीरे-धीरे जिस तरह स्वयं जम्मू-कश्मीर के अंदर आतंकवादियों और पाकिस्तान के समर्थकों, जिन्हें ओवरग्राऊंड वर्कर कहा जा रहा है, की असलियत सामने आ रही है उन पर भी विपक्षी दल मुंह खोलने को तैयार नहीं हैं। कोई भी आतंकवादी हमला बगैर स्थानीय समर्थन के संभव ही नहीं।

**चीन और तुर्की को छोड़ अन्य देशों से भी अपने संबंधों का लाभ उठाते हुए भारत पाकिस्तान की हर स्तर पर घेरेबंदी की कोशिश कर रहा है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर स्वयं यह वक्तव्य दे चुके हैं कि अब दुश्मन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है, तो उन्होंने केवल आम लोगों को खुश करने के लिए नहीं बोला होगा। सारे प्रमुख मंत्रिमंडलीय समितियां, सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक मामलों को लेकर बैठकें हो चुकी हैं।



**सेना की विचारधारा इस्लाम मजहब की ऐसी व्याख्या पर आधारित है, जिसमें उनके लिए पाकिस्तान देश का लक्ष्य ही जम्मू-कश्मीर को इस्लामी राज्य में परिणत कर अपने साथ मिलाना है। हम आतंकवादी को मारेंगे, फिर आगे दूसरे हमले के लिए दूसरा समूह तैयार होकर आयेगा और अपने अनुसार फिर हमला कर सकता है। इसमें दुनिया में कौन हमें क्या सुझाव देता है यह मायने नहीं रखता। हमें अपनी सुरक्षा करनी है और इसके लिए कोई ताकत हमको नहीं रोक सकती।**

विदेश मंत्री लगातार विदेशी नेताओं से बात कर रहे हैं और नयी दिल्ली स्थित प्रमुख दूतावास के लोगों से संवाद हो रहा है। सैन्य प्रमुखों से मुलाकात के बाद यही बयान आया कि सरकार ने सेना को पूरी स्वतंत्रता दी है कि वह अपने अनुसार सूचनाओं के आधार पर जैसे चाहें कार्रवाई करें उसे सरकार का हर तरह का समर्थन प्राप्त होगा। ऐसी स्थिति में हमें अपने देश पर विश्वास करना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि एनआइए की जांच धीमी हुई हो। एनआइए की जांच के लिए बनायी गयी 5-5 अफसरों की पांचों टीमें अलग-अलग पहलुओं पर काम कर रही हैं। जितनी जानकारी है एनआइए ने ओवरग्राऊंड वर्करों की पहचान कर उसकी एक सूची भी बनायी है। आतंकवादियों को हर हाल में जिंदा पकड़ने की कोशिश चल रही है। अभी तक ऐसा माना जा रहा है कि आतंकवादी 25 से 30 किलोमीटर के दायरे में ही हैं। उनको जिंदा पकड़ना इसलिए आवश्यक है, ताकि पूरे षड्यंत्र का पता चल जाये। जितनी जानकारी है, उसकी इनके माध्यम से पुष्टि भी हो जाये। अगर मिल गये तो हाल के समय में आम लोगों पर जितने हमले हुए उनमें से अनेक के षडयंत्रों का पता चलेगा?

पाकिस्तान में इनके ट्रेनिंग कैंपों और ट्रेनिंग मॉड्यूल का विवरण मिलेगा। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि जब से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद आरंभ हुआ है, तब से ऐसा पहला मामला है, जब एक ही आतंकवादी दस्ता प्रदेश के विभिन्न भागों में लगातार सुरक्षा बलों और लोगों पर हमले भी कर रहा है और बच कर निकल रहा है। आतंकवादियों ने पहलगाम के आसपास किसी विशेष जगह पर हथियार छुपाये थे। अभी तक की जानकारी के अनुसार इन्होंने अपने भागने के सभी रास्ते भी पहले से तय कर रखे थे।

आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में छानबीन कर सटीक जानकारी तक पहुंचने की सबसे बड़ी भूमिका होती है, क्योंकि इसके बाद आपके लिए कार्रवाई के लक्ष्य तय करने आसान होते हैं। इसलिए एनआइए की जांच को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई का अभिन्न अंग न मानने की भूल नहीं होनी चाहिए। देश के लिए संतोष का विषय होना चाहिए कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, स्थानीय पुलिस, एनआइए आदि के बीच संपूर्ण समन्वय के साथ कार्रवाई आगे बढ़ रही है।

देश में आक्रोश है और सामूहिक मानस यह है कि कार्रवाई ऐसी हो, ताकि दोबारा कोई हम में से किसी एक को लहूलुहान करने की हिमाकत न करे। हम अगर 100-200 आतंकवादियों को मार गिरायें, किसी आतंकवादी ढांचे को खत्म कर दें उससे इसका समाधान नहीं हो सकता। वह भी आवश्यक है, किंतु जब तक पाकिस्तान को सीधी क्षति नहीं होगी ऐसे हमले पूरी तरह रुक ही नहीं सकते। पाकिस्तान को क्षति का मतलब मुख्य प्रायोजक सेना और वहां के राजनीतिक, मजहबी प्रतिष्ठान को क्षति नहीं होगी इस तरह का आतंकवाद रुक नहीं सकता। सेना की विचारधारा इस्लाम मजहब की ऐसी व्याख्या पर आधारित है, जिसमें उनके लिए पाकिस्तान देश का लक्ष्य ही जम्मू-कश्मीर को इस्लामी राज्य में परिणत कर अपने साथ मिलाना है। हम आतंकवादी को मारेंगे, फिर आगे दूसरे हमले के लिए दूसरा समूह तैयार होकर आयेगा और अपने अनुसार फिर हमला कर सकता है। इसमें दुनिया में कौन हमें क्या सुझाव देता है यह मायने नहीं रखता। हमें अपनी सुरक्षा करनी है और इसके लिए कोई ताकत हमको नहीं रोक सकती।

चीन और तुर्की को छोड़ अन्य देशों से भी अपने संबंधों का लाभ उठाते हुए भारत पाकिस्तान की हर स्तर पर घेरेबंदी की कोशिश कर रहा है। सबसे अंतिम कदम के रूप में भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय या तीसरे देश से भी संभावित व्यापार पर कानून में संशोधन कर पूरी तरह रोक लगा दी है। अभी तक सरकार की दिशा में भटकाव नहीं है, संकल्पबद्धता और दृढ़ता दिख रही है। यह आपसी राजनीतिक मतभेद या वोट की संकुचित चिंता से बाहर निकल एकजुट होकर बहुस्तरीय कार्रवाई के साथ खड़ा होने का समय है।

## कोल्हान की खबरें

# प्रधान जिला जज अरविंद कुमार पांडेय ने एमजीएम अस्पताल का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर सिविल कोर्ट जमशेदपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार पांडेय ने सोमवार को एमजीएम अस्पताल का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधान जिला जज के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के सचिव धर्मेंद्र कुमार,जज इंचार्ज सिद्धांत तिग्गा, डालसा के सहायक रवि मुर्मू शामिल रहे। प्रधान जिला जज अरविन्द कुमार ने बीते शनिवार को एमजीएम अस्पताल में घटित घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन से वार्ता की। घटना स्थल तथा अस्पताल के जर्जर भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के सुरिटेंडेंट डॉक्टर रमेश कुमार मंधान और वाइस सुरिटेंडेंट डॉक्टर नकुल चौधरी के साथ घटित दुर्घटना एवं अस्पताल के अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा हादसा में घायल हुए मरीज एवं मृतक के परिवार को चिन्हित कर उचित मुआवजा व अन्य लाभ दिलाने में डालसा हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने किसी भी तरह के समस्याओं के निदान के लिए डालसा से संपर्क करने की बात कही। जिला जज ने एमजीएम अस्पताल में घटित इस हादसे पर चिंता जाहिर करते हुए सुरिटेंडेट को आगे से सजक रहने की बात कही, ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल के अन्य जर्जर भवन को भी नजदीक से देखा, जिसकी दीवार एवं छत दुर्घटना से खाली नहीं था। एमजीएम अस्पताल के हादसा में घायल व्यक्ति सुनील कुमार से मिल कर उनका हाल जाने। एक दूसरी वृद्ध महिला रेणुका देवी जो टीएमएच में भर्ती है, उसे भी देखने के लिए टीएमएच गए और उनसे मिल कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए। एजीएम अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस हादसे में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जिनके परिजन को डालसा के पीएलवी के सहयोग से खोज लिया गया। मृतक में श्रीचंद तांती, जो सरायकेला का रहने वाला था। उसके शव का आज पोस्टमार्टम करा कर पीएलवी नागेंद्र कुमार के प्रयास से उसके परिजन को शौप दिया गया।

# भाजपा ने जमशेदपुर में किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा डीसी कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया। सोमवार को सुधांशु ओझा की अगुवाई में साकची से डीसी कार्यालय तक पैदल मार्च किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने पूर्वी सिंहभूम से पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल बाहर निकालने और झारखंड में रह रहे अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों के साथ आतंकवाद और घुसपैठ के खिलाफ विरोध जताया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री दास ने कहा झारखंड में घुसपैठ के कारण राज्य की संस्कृति खतरे में है। सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

सांसद विद्युत महतो ने चेतावनी दी यदि प्रशासन ने ढिलाई बरती तो भाजपा सड़क पर उतरेगी।भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीसी डीसी के नाम ज्ञापन सौंपकर पाकिस्तानी नागरिकों और अवैध घुसपैठियों को जिले से बाहर करने की मांग की।

# जायसवाल समाज ने शांभवी जायसवाल को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जायसवाल समाज ने आइसीएसइ 10वीं परीक्षा में भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली शांभवी जायसवाल को उनके निवास पर जाकर समाज की ओर से ट्रॉफी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर जायसवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य नंदजी प्रसाद,भाजपा झारखंड प्रदेश के सचिव दीपक कुमार जायसवाल, अशोक जायसवाल, युवा अध्यक्ष सुनील प्रसाद, युवा महामंत्री विमल प्रसाद, पूनम जायसवाल सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नंदजी प्रसाद ने कहा शांभवी की इस उपलब्धि से न केवल जायसवाल समाज, बल्कि जमशेदपुर, झारखंड और भारतवर्ष को भी गौरवान्वित होने का अवसर मिला। वह आने वाले समय में समाज के सभी बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी। उनके मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता की राह तलाश सकेंगे। शांभवी के परिवार का शैक्षणिक पृष्ठभूमि अत्यंत सशक्त है।उनके पिता डॉ अभिषेक जायसवाल एवं माता डॉ. ओजस्वी शंकर, दोनों डॉक्टर हैं। उनके परिवार में कुल 22 डॉक्टर हैं। इसके बावजूद शांभवी ने मेडिकल के बजाय टेक्निकल क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा जतायी है। वे जेईई परीक्षा की तैयारी में जुट गई हैं। जायसवाल समाज सहित पूरे शहरवासी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और विश्वास जताते हैं शांभवी आगे भी समाज, राज्य एवं देश का नाम रोशन करेंगी।

# सरयू राय ने तीन प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी





**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने क्षेत्र में जनसुविधा के कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और आम नागरिकों की सहुलियत को प्राथमिकता देते हुए तीन लोगों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी। इसकी सूचना पूर्वी सिंहभूम के डीसी को भी प्रेषित की गयी। प्रतिनिधियों में शेषनाथ पाठक को जमशेदपुर अक्षेस (पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र) के सोलर एलइडी लाइट प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया। मानगो निवासी पवन कुमार सिंह को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी प्रतिनिधि का दायित्व सौंपा गया और बिरसानगर निवासी अमित शर्मा को असंगठित मजदूरों का क्षेत्र प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। विधायक सरयू राय ने विश्वास जताया ये प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता के साथ जनहित के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे। साथ ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। विधायक ने कहा इन नियुक्तियों का उद्देश्य जनसंपर्क को मजबूत करना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

# किरणमयी डे ने जो साहस और दृष्टि दी, वही हमारी प्रेरणा है : शेखर डे




**प्रीतिलता वाड्डेदार और किरणमयी डे की स्मृति में आयोजित प्रेरक कार्यक्रम**

**बिस्टुपुर श्रीलेदर्स में शौर्य-संवेदना की प्रतीक दो नारियों को दी गयी श्रद्धांजलि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** देश के प्रतिष्ठित फुटवेयर ब्रांड श्रीलेदर्स ने अपनी प्रेरणास्रोत किरणमयी डे और स्वाधीनता संग्राम की महान वीरांगना,पहली महिला शहीद प्रीतिलता वाड्डेदार के जन्मदिवस को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ मनाया। सोमवार को बिष्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स शोरूम परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर की कई महिला संगठनों ने सक्रिय रूप से सहभागिता दी।समाजसेवी ज्योत्सना डे के नेतृत्व में शहर की विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधियों ने दीप प्रजापति व दोनों विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित की। श्रद्धा और सम्मान के वातावरण में उपस्थित सभी ने इनके योगदान को याद करते हुए प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में सिमरन और निशा ने मातृत्व और बलिदान को समर्पित एक मार्मिक गीत प्रस्तुत की। गीत की पंक्तियों ने उपस्थित सभी को गहराई तक छू लिया एवं वातावरण को संवेदना से भर दिया। इस अवसर पर श्रीलेदर्स के पार्टनर व समाजसेवी शेखर डे ने कहा 'यह आयोजन केवल स्मरण का नहीं, संकल्प का प्रतीक है। किरणमयी डे ने जो साहस और दृष्टि हमें दी, वही आज हमारी प्रेरणा है। श्रीलेदर्स इसे नारी सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में मनाता है और इसी भावना से हम देशभर में सामाजिक सहभागिता निभा रहे हैं।मौके पर झारखंड बंगाली एसोसिएशन, जमशेदपुर महिला समिति, द मिलानी,नेताजी सुभाष मंच के महिला व पुरुष सदस्यों ने भी पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में श्यामल श्री, प्रीतिलेखा रॉय, भास्कर मित्रा, सुरोजित चटर्जी, बुलबुल घोष, मीरा शर्मा, झरना दी समेत श्रीलेदर्स परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# पाइपलाइन खुदाई के दौरान दो मजदूर गड्ढे में गिरे, एक की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के प्रधान टोला में शनिवार को पानी की पाइपलाइन बिछाने के दौरान एक दुखद घटना हुई। खुदाई के दौरान दो मजदूर गड्ढे में गिर कर मिट्टी में दब गए। इस हादसे में 24 वर्षीय कृष्णा बास्के की मौके पर मौत हो गयी। दूसरे मजदूर पांचू को गंभीर हालत में एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के समय गहरे गड्ढे में खुदाई का काम चल रहा था। मिट्टी अत्यधिक गीली होने के कारण दोनों मजदूर फिसलकर गड्ढे में गिर गये। ऊपर से मिट्टी धंसने से दोनों दब गये। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और स्थानीय लोगों ने उन्हें निकालने का प्रयास किया, लेकिन कृष्णा को नहीं बचाया जा सका।

स्थानीय पंचायत सदस्य संतोष गुप्ता ने ठेकेदार प्रीति इंटरप्राइजेज पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उनका कहना है कि घटनास्थल पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। मजदूरों को सुरक्षा उपकरण नहीं दिये गये थे। गड्ढे के आसपास न तो चेतावनी बोर्ड था और न ही बैरिकेडिंग की गयी थी।

पंचायत सदस्य ने प्रशासन से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी या ठेकेदार स्तर पर स्थायी रोजगार की मांग भी की है।

## भाजपाइयों ने चिनियां रोड से समाहरणालय तक जुलूस निकाला

# झारखंड से पाकिस्तानियों को निकालने में कोताही बरत रही झारखंड सरकारः भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो के नेतृत्व में गढ़वा जिला के भाजपाइयों ने चिनियां रोड से समाहरणालय तक पाकिस्तानियों को झारखंड से बाहर निकालने को लेकर जुलुस निकाला। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त गढ़वा को मांग पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं एवम कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी वापस पाकिस्तान जाओ, हेमंत सरकार हाय हाय सहित कई नारे लगाये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड से हेमंत सरकार ने अबतक पाकिस्तानी लोगों को झारखंड से बाहर निकालने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं किया है। इससे हेमंत सरकार की स्थिति देश हित में दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने देश के सभी मुख्यमंत्री को पाकिस्तान से आये हुए नागरिकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने को कहा है, लेकिन झारखंड सरकार ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं किया। जिस तरह से पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने पहलगाम में नागरिकों की निर्मम तरीके से हत्या किया है। इससे पाकिस्तान का चेहरा उजागर हो चुका है। अगर झारखंड सरकार पाकिस्तानियों को झारखंड से बाहर निकालने में देर करती है तो भाजपा कार्यकर्ता देशहित में मौन नहीं रहेंगे। सड़क से सदन तक आंदोलन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, विनय चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, उमेश कश्यप, रामशीष तिवारी, धनंजय गौड़, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, ब्रजेश उपाध्याय, अरविंद तुफानी, विकास तिवारी, लक्ष्मण राम जितेंद्र चंद्रवंशी ,अंकित तिवारी, अलख निरंजन, टिंकू गुप्ता, रितेश दुबे मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



## जीएन कान्वेंट स्कूल में बाल सांसद का चुनाव संपन्न

# विद्यार्थियों को संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी देना उद्देश्य : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित गुप्त मतदान द्वारा बाल सांसदों का चुनाव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि बाल संसद संसद का ही एक छोटा रूप है, जिसे विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान की कार्यप्रणाली अपने अधिकार निर्णय लेने की क्षमता का विकास एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना है। छात्र-छात्राएं अपने उत्तरदायित्व का बोध प्राप्त करते हैं। भारतीय परिदृश्य में बाल संसद का ही प्रतिबिंब है। गुप्त मतदान के द्वारा वर्ग दशम की छात्रा स्मृति भाग्यश्री 39 मत प्राप्त कर विजयी रही, जबकि दूसरे स्थान पर संध्या कुमारी रही। सभा का संचालन कृष्णा कुमार के अगुवाई में किया गया।

जबकि चुनाव संचालन प्रक्रिया में बीके ठाकुर, कृष्णा कुमार और विकास कुमार रहे। वहीं गुप्त मतदान में कक्षा छह वीं से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने बैलेट पेपर के माध्यम से किया। पोलिटिकल साइंस के शिक्षक कृष्णा कुमार ने चुनाव प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया चुनाव में पीठासीन अधिकारी का दायित्व संतोष प्रसाद ने निभायी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र साह, विकास कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव आदि।



# तेज आंधी-बारिश में कई घरों के उड़े छप्पर, हजारों का नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** थाना छेत्र अंतर्गत चार मई दिन रविवार को आयी तेज आंधी बारिश में विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के विशुनपुरा संध्या निवासी रामचन्द्र शर्मा का कच्चा मकान का सीट उड़ने से आशियाना छिन्न-भिन्न सा हो गया है। वहीं इस विषय में रामचंद्र शर्मा ने बताया कि मकान का छप्पर उड़ने से लगभग पचास हजार रुपसे की नुकसान हुई है। वहीं अमहर खास पंचायत के अमहर खास निवासी सुनील रजक का ग्राम पतागड़ा (बसनी) में मुर्गी फॉर्म का कच्चा सीमेंटेड सीट का घर गिरने से करीब 200 मुर्गी के चूजे की मौत हुई है। वहीं इस विषय में सुनील रजक ने बताया कि मुर्गी फॉर्म का सीमेंटेड सीट उड़ने और घर गिरने से मुर्गी के चूजे की मौत से लगभग साठ हजार रुपये की नुकसान हुई है।

**प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने क्या कहा:** इस विषय में पूछे जाने पर विशुनपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कल आयी तेज आंधी बारिश में हुए छती की सूचना मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव के द्वारा प्राप्त हुआ है। इसके लिए हम अंचल कर्मचारी को प्रखंड क्षेत्र में मुआयना करने को भेजेंगे औरा तेज आंधी बारिश में घरों में हुई छती का रिपोर्ट तैयार कर आगे की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करेंगे। जिससे ससमय पीड़ितों को मुआवजा के रूप अंचल से सहायता मिल सके



## पुलिस लाइन में एसपी ने किया ओपन जिम का उद्घाटन

# फिटनेस के लिए प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम जरूरीः दीपक कुमार पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस केंद्र, गढ़वा में एसपी दीपक कुमार पांडेय (भापुसे) द्वारा सोमवार को जिला पुलिस के जवानों की बेहतर हेल्थ के लिए जिला रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आदित्य बिरला समूह, रेहला (ग्रासिम) के यूनिट हेड जितेन्द्र अवस्थी उपस्थित रहे। बताया गया कि इस ओपेन जिम का निर्माण आदित्य बिरला समूह, रेहला के सहयोग से किया गया है। एसपी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मियों से प्रतिदिन अपने शारीरिक स्फूर्ति के लिए कम से कम एक घंटा प्रतिदिन व्यायाम जरूर करना चाहिए। मौके पर आदित्य बिरला समूह, रेहला (ग्रासिम) के यूनिट हेड जितेन्द्र अवस्थी द्वारा समाज में पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना की गयी और गढ़वा पुलिस को हर संभव सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता जतायी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), गढ़वा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) गढ़वा, पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) गढ़वा, परिचारी प्रवर, थाना प्रभारी गढ़वा, उपस्कर परिचारी, परिवहन परिचारी, पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं पुलिस मेंस एशोसिएशन के पुलिसकर्मी और आदित्य बिरला समूह के नितेश पांडेय, अनिल गिरि, विकास सिंह और गढ़वा जिलाबल के कई पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें।



# स्वास्थ्य का लाभ राज्य के सेवानिवृत्त पेंशनरों को भी शीघ्र लागू करे सरकार : केके यादव

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पेंशनर समाज के अध्यक्ष के के यादव ने कहा है कि राज्य कर्मियों के साथ-साथ पेंशनरों एवं अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देकर एक सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किया है, परंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेंशनरों से संबंधित स्वास्थ्य बीमा को अभी तक चालू नहीं किये जाने से राज्य के पेंशनरों में संतोष उत्पन्न हो रहा है। इस उम्र में स्वास्थ्य बीमा पेंशनरों के लिए सरकार का एक नया तोहफा है, लेकिन विभाग एवं बीमा कंपनी के उदासीन रवैया से हम सभी पेंशनर्स नाखुश हैं। इस विषय पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज चाहता है कि पेंशनरों को भी राज्य कर्मियों की भांति शीघ्र बीमा योजना का लाभ माह जून 2025 से चालू कर दिया जाये । हमारे खाते से भी 500/रुपये प्रति माह कटौती कर ली जाये। इसके लिए जो भी प्रावधान सरकार द्वारा निर्धारित किया जायेग , हमें मंजूर होगा। स्वास्थ्य बीमा के लिए आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकरण किया जाये। अधिकांश पेंशनर फैमिली पेंशनर काफी उम्र दराज है। उनके पीपीओ को आधार मानकर जांच की प्रक्रिया को सरल किया जाये। आनाआवश्यक प्रक्रिया से पेंशनर इस योजना से उदासीन हो रहे हैं हाल ही में अधिवक्ताओं को बीमा का लाभ मिला है जिससे वह काफी खुश हैं ठीक इसी प्रकार सरकार द्वारा ऑप्स लागू करने से सारे कर्मचारी भी खुश हैं। अतः पेंशनरों के लिए भी यह योजना अति महत्वपूर्ण है। इसे लागू होने से पेंशनर/फैमिली पेंशनर और उनके परिवार भी सरकार का आभार प्रकट करना चाहेंगे।



## गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित

# राजनीति से दूर रखकर ही हो सकता है खेल का समग्र विकासः मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में जिले के कई खेल प्रेमियों, संघ के सदस्यों और खिलाड़ियों ने भी भाग लिया।पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत निर्वाचित होकर जो अध्यक्ष और पदाधिकारी चुने गये हैं, वे अब आगामी तीन वर्षों तक क्रिकेट संघ से जुड़े रहेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों से अपेक्षा जतायी कि वे जिले में क्रिकेट को नयी दिशा देंगे और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करेंगे।उन्होंने कहा कि आज गढ़वा की बेटियां हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। पूर्व मंत्री ने खेल में बढ़ती राजनीति पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर खेल को राजनीति में घसीटा गया, तो इसका बुरा असर सीधे खिलाड़ियों और खेल के भविष्य पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसा होता रहा, तो क्रिकेट जैसी लोकप्रिय खेल भी जिले में पूरी तरह से ठप हो जायेगी। इस अवसर पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष सह जिला के अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे। वहीं सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यह चुनाव गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के समर्थन से यह संभव हो सका। कार्यक्रम का संचालन झारखंड झामुमो के केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने किया। सम्मानित होने वालों में गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राज महेश्वरम, सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा, डॉक्टर पंकज प्रभात, रेखा चौबे, कोषाध्यक्ष रवि शंकर, सहसचिव कुमार गौरव, गौरव सिंह, अंकित सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक उदय नारायण तिवारी, अनिता दत्त, वालीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, तीरंदाजी संघ के सचिव धर्मेंद्र पाल, राइफल संघ के सचिव सतेंद्र यादव, कीक बॉक्सिंग सह सचिव मनोज संसाई, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ राम, हॉकी संघ से संतोष शुक्ला, कबड्डी संघ के शिवकुमार, शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी, विकास पांडे, अराधना सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।




# दुगोला चैता का आयोजन आज, विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी करेंगे उद्घाटन

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के मुड़ल टोला स्थित शिव मंदिर के समीप मंगलवार की रात्रि में भव्य चैता दुगोला का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर आयोजन समिति की हुई बैठक में कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्थानीय वार्ड सदस्य और आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि सुप्रसिद्ध लोक गायक विकास तूफानी और लव बिहारी के बीच मुकाबला होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी करेंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष लाल बहादुर चौधरी, शुकुल, रामप्रीत, सीताराम, बैजनाथ, धनंजय, वीरेंद्, कामेश्वर, सुदर्शन, रामलाल, नागेंद्र चौधरी आदि शामिल थे।

# दो युवकों के बीच हुई मारपीट, एक घायल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खरौंधी बजरमरवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर सोमवार को साले और बहनोई के बीच हुए मारपीट में साला राम लाल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉ शैलेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। घटना के बारे में राम लाल ने बताया कि गांव में ही हमारे बहनोई लोग रहते है, जिनका जमीनी विवाद आपस में चल रहा है। सोमवार को मैं राजमिस्त्री का कार्य करने गया था जहां मेरे बहनोई सुमेर साह और उनकी पत्नी नील कुमारी ने ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया कि बीते 25 अप्रैल को खरौंधी अंचल और थाना में आवेदन देकर विवाद को दूर करने का आग्रह किया था, जिसके बाद पंचायत अस्तर भी पंचायती की गयी थी, लेकिन कुछ निपटारा नहीं हुआ।

# महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अरुण सिंह की पत्नी रूपा देवी ने पारिवारिक विवाद में कारण रविवार की रात कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास की। परिजनों द्वारा उसे ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सक सुभग सिंह के द्वारा ईलाज किया गया। घटना के संबंध महिला के पति अरुण सिंह ने बताया कि किसी बात को लेकर हम दोनो पति-पत्नी में कहासुनी होने के बाद गुस्से में आकर मेरी पत्नी रूपा ने सब्जी के खेतों में डालने वाली कीटनाशक दवा खा ली।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002**

**Invitation of Proposal (e-procurement Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-04/2025-26**
**3rd Call NATIONAL COMPETITIVE BIDDING**
**e-Tender Ref No–RCD/PID/RANCHI/04/2025-26 Date:-05.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for the Preparation of Detailed Project Report (DPR) and Project Management Consultancy (PMC) for the Construction of a Sky walk /Glass bridges under Package I and II in the State of Jharkhand. |
| 2 | Tentative Length & width | 45-m-long,3-meter-wide (each bridge) |
| 3 | Period of Completion of Work | 45 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Cost of Tender Document Rs 10,000/- (Ten Thousand only) EARNEST MONEY DEPOSIT: -Rs 1 ,20,000 (One lakh twenty thousand only) irrespective of participation ineither a single package or both the packages. **As per the Departmental Letter no. -4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through eprocurement portal ( https://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e -Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no - 120 dated 03.10.2023.** |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 07.05.2025,12:00 Noon |
| 7 | Date of Pre Bid Conference | 13.05.2025 (In the Chamber of CE, CDO, RCD, 1st Floor, Nirupan Bhawan, Doranda, Ranchi-834002) |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Bid | 20.05.2025, 12:00 Noon |
| 9 | Date and Time of Technical Bid opening | 21.05.2025, 12:30 PM |
| 10 | Date & Place of Presentation of Concept Plan (Part of Technical Evaluation) | 23.05.2025 (In the office of Road Construction Department, Jharkhand, Ranchi.) |
| 11 | Bid validity | 120 days |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD,Ranchi Mob No.-9471650883 |
| 13 | Advertisement no. | PR 350551 Road(25-26)#D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

PR 351675 Road (25-26)D

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

**Government of Jharkhand**
**Urban Development Housing Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**

**e- Procurement Notice**
**NIT No. - UDD/LNP/02/2025-26**

**Notice No. - 838** **Date – 30.04.2025**

| SL. No. | Tender ID | Name of Work | Approximate Value of work (Rs) | Bid Security (Rs) | Cost of Document | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित आयोग मद | | | | | | |
| 1 | UDD/LNP/02/2025-26 | Construction of Satyam, Shiavum & Sundram Market Complex and Ganga, Jamuna Shed Extension Works at Under Nagar Panchayat Latehar, Jharkhand | Rs. 60732079.09 (Rupees Six Crore Seven Lakh Thirty Two Thousand, Seventy Nine Hundred | 607330.00 | 25000.00 | 18 Month |
| 2 | Date of e-Publication of Tender | | 06.05.2025 at 5:00 PM | | | |
| 3 | Document downloading start Date | | 07.05.2025 at 10:00 AM | | | |
| 4 | Start date for seeking clarification | | 13.05.2025 at 12:30 PM | | | |
| 5 | End date for seeking clarification | | 14.05.2025 at 12:30 PM | | | |
| 6 | Pre bid meeting date, Time & Venue | | 20.05.2025 at 12:30 PM, Nagar Panchayat office | | | |
| 7 | Bid submission end Date | | 27.05.2025 upto 3:00 PM | | | |
| 8 | Technical Bid opening date (Online) | | 29.05.2025 at 2.00 PM | | | |
| 9 | Tender Bidding System | | Two Bid System (Technical Bid & Financial Bid) | | | |
| 10 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 11 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer, Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 12 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 13 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through http:/jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

PR 351690 Urban Development (25-26)_D

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

**झारखण्ड सरकार,कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,राँची पूर्व,राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 31 / 2025–26**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः 13.5.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.5.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.5.2025 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual repairand maintenance of Domestic /commercial RO/Water Purifier with cooler of different models installed at different location of MLA Bungalow ,Staff Quarters,and Other Govt. Residential Bungalow/Quarters Doranda Ranchi under D.W&S Division ,Ranchi East Ranchi For the yr 25-26. | 1200712.00 | 24100.00 | 2500.00 | 1 Year |
| 2 | Repair and Maintenance of Iron &turbidity Removal filter plant with Alum pot,Oxidization Chamber Filter with multiple valves and necessary water supply pipe and its allied work at different location of High court Bungalow and other High court pool Qtr. Doranda Ranchi under D.W&S Division ,Ranchi for Yr.20025-26 | 1005109.00 | 20200.00 | 2500.00 | 1 Year |
| 3 | Annual repair and maintenance of Domestic /commercial RO/Water Purifier with cooler of different location of High Court building , judge bungalow , registrar's Quarter,Judge's Guest House &High court Pool quarters etc.under D.W&S Division ,Ranchi East Ranchi For the yr 25-26. | 1273212.00 | 25500.00 | 2500.00 | 1 Year |
| 4 | Annual repair and maintenance of Domestic /commercial RO/Water Purifier with cooler of different models installed at Vidhyak Awas, Vidhan Sabha Guest House &Vidhan Sabha Pool Quarters etc. under D.W&S Division ,Ranchi East, Ranchi For the yr 25-26. | 1668911.00 | 33400.00 | 5000.00 | 1year |
| 5 | Repair and Maintenance of Iron &turbidity Removal filter plant with Alum pot,Oxidization Chamber Filter with multiple valves and necessary water supply pipe and its allied work at different location of MLA Bungalow, Staff Quarters, and Other Govt.Residential Bungalow/Quarters Doranda Ranchi under D.W&S Division ,Ranchi East,Ranchi for Yr.20025-26 | 1169313.00 | 23400.00 | 2500.00 | 1 Year |
| 6 | Annual Repair and Maintenance of Domestic & Commercial Water Purifier with cooler of different models installed at different location of Yojana Bhawan Building , Jharkhand Mantralaya (Nepal House ) Campus and other Govt. offices Doranda Ranchi under D.W. & S.Division Ranchi East Ranchi For the year 2025-2026. | 961545.00 | 19300.00 | 1250.00 | 1 year |

आवश्यक शर्तो के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

PR 351685 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची

### खूंटी से पाकिस्तानी नागरिकों को निर्वासित करने की मांग, भाजपा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# देश को नुकसान पहुंचानेवाले पाकिस्तानियों को हर हाल में निर्वासित करना ही होगा : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश के नागरिकों का हक मारने और देश के संसाधनों को नुकसान पहुंचाने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को हर हाल में खूंटी से निर्वासित (डिपोर्ट करना होगा। केंद्र सरकार ने इस संबंध में आदेश भी पारित कर दिया है। प्रशासन कों जिस काम को स्वयं करना चाहिए, उसके हमें प्रशाासन को जगाने के लिए हमें अयहां आना पाड़ा। अर्जुन मुंडा सोमवार को खूंटी में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को खूंटी निर्वासित करने की मांग को लेकर राज्य पाल को संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपने के पूर्व समाहरणालय के पास भाजपा द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार की एक इकाई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ राजनीतिक नजरिया से देखने वाले लोग देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हैं। वैसे लोगों का नकाब उतारना और ऐसे लोगों का पर्दाफाश करना आवश्यक है। खूंटी जिला और पूरे झारखंड में जिस प्रकार से विदेशी बांग्लादेशी और पाकिस्तान घुसपैठिए अपना पैर पसार रहे हैं, उन सभी को राज्य सरकार जिला प्रशासन के माध्यम से चिह्नित करके उसे खदेड़ने का काम करे। इस देश की एकता और अखंडता को जो समाप्त करना चाहते हैं और यहां की बेटियों से शादी करके विदेशी साजिश रचना चाहते हैं, वैसे लोगों को खदेड़ना जरूरी है। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता उपाध्यक्ष संजय साहू, विनोद नाग, आनंद राम, कृपा सिंधु बेहरा, प्रियांक भगत, दिनेश महतो, बालकिशन महतो, रोहित कुमार साहू, गौतम तिवारी, कार्तिक मुंडा, सीमा देवी, आशा देवी, गुरुपद सिंह मुंडा, भीम सिंह मुंडा, सुलोचना देवी, विकास चौधरी, रुक्मिला सारू, ज्योतिष भगत, मनोज कुमार और रविंद्र राम आदि मौजूद थे।



### केंद्र सराकर के आदेश का पालन राजय सरकार को करना चाहिए : कोचे मुंडा

इस मौके पर पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि जिन पाकिस्तानी और बांगलादेशी नागरिकों को निर्वासित करने का आदेश केंद्र सरकार ने जारी कर दिया है।

# सांसद कालीचरण मुंडा ने पुल निर्माण का किया शिल्यान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**अडकी।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत डोम्बारी और भुरसुडीह के बीच मसड़ाडीह घाट राबो छोट नदी मे करोड़ो के लागत से बनने वाले उच्च स्तरिय पुल निर्माण कार्य का शिल्यान्यास सांसद कालीचरण मुंडा और तमाड़ बिधायक विकास कुमार मुंडा के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। उक्त पुल निर्माण का क्षेत्र के लोगो का दशको पुरानी मांग थी, जो पुरा हुआ। ये पुल बनने से तमांड़ अड़की और कुचाई पखंड के सैकड़ो गांव टोले के लोगो के आवागमन मे सुहूलियत होगी। वही संसद महोदय ने पुल निर्माण कर रहे ठीकेदार से संख्त रुप से निर्देश दिये। पुल निर्माण कार्य इस्टीमेट के आधार पर गुणबत्ता पूर्ण होनी चाहिए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थीत बीडीओ गणेश महतो को भी सख्त लहजे में लोगो के कामो में नरमी बरतते हुए कम से कम 10 दिन में समाधान करने का पयास करने का निर्देश दिया।

कोई जन समस्या को बेबजह अधिक दिनो तक नहीं लटकाने को कहा। इस दौरान क्षेत्रिय लोग बड़ी संख्या में संड़क, पानी और बिजली से संबोधित समस्याओ का आवेदन दिया और समाधान करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



## अगर हम बटेंगे, तो कटेंगे और घटेंगे तो मिटेंगे : पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** देश के जानेमाने भागवत कथा वाचक पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अच्छे लोगों का मिलन ही सत्संग है। जीवन में आचरण को अपनाना ही मंगलाचरण है। सत्य से बढ़कर दुनिया में कोई भी चीज नहीं है। पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री सोमवार को खूंटी के समासजसेवी ओमप्रकाश भाला के आवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में व्यास गद्दी से प्रवचन कर रहे थे। शास्त्री ने कहा कि हर व्यक्ति से मेरा निवेदन है कि आप पहले सत्य को स्वीकार करें। अगर आप सत्य को स्वीकार करेंगे, सत्यदेव आपकी रक्षा करेंगे। हमारा धर्म सबसे सनातन है। हमें हिंदू होने पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव-देहात में प्रलोभन देकर हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, यह बंद होना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि भगवान के कारण तीनों ताप नष्ट होते हैं, दैहिक दैविक और भौतिक। जो दूसरे की उन्नति से जलता है, उसे श्रीमद्म भागवत कथा में बैठने सुनने का अधिकार नहीं है। अर्जुन मुंडा ने लिया पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वाद। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और खूंटी के पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा खूंटी में चल रहे श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यक्ष में पहुंचे और कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वादलिया। मौकें पर मुख्य यजमान ओम प्रकाश भाला, जय प्रकाश भाला, अनूप साहू, सुनील साहू सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### खलारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने की बैठक

## संविधान बचाओं रैली में शामिल होने को लेकर की गयी चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार सोमवार को खलारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड पर्यवेक्षक राज उरांव और विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने संगठनात्मक एकता पर जोर देते हुए 6 मई दिन मंगलवार को धुर्वा, रांची में आयोजित 'संविधान बचाओ रैली' में खलारी प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। रांची में होने वाली 'संविधान बचाओ रैली' में बढ़-चढ़ कर शामिल होने एवं रैली के लिए जनसमर्थन जुटाने का संकल्प लिया।

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजन सिंह राजा, इंदिरा तुरी, रोशन लाल, तनवीर आलम, मोनू रजक, जावेद अंसारी, वीरेंद्र यादव, भोला यादव, सलामत अंसारी, सुल्तान अंसारी, शशि मुंडा, अजय सिंह, बाबू खान, शंकर राम सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हेसालौंग में भक्ति जागरण में झूमे श्रद्धालु



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैक्लुस्कीगंज।** हेसालोंग शिव मंदिर में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन समिति के अध्यक्ष कुलदीप साहू सहित अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उसके बाद भक्ति वंदना से जागरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलाकार दलजीत सिंह, स्वीटी राज, गोपाल प्यारे और अनुप्रिया ने सभी श्रद्धालुओं को भक्ति गीतो पर झुमाया। कलाकारो के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। रात भर श्रद्धालु भक्ति गीतों में गोता लगते रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष कुलदीप प्रसाद साहू, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, उपकोषाध्यक्ष जगत कुमार, विकास कुमार, उप सचिव रविन्द्र प्रसाद, भोला साहू, सरंक्षक शिवपूजन साहू, संजय कुमार, शिवदेव साहू, अरविंद साहू, अवध कुमार, पवन साहू, लखन साहू, डब्लू साहू, ंकिज प्रसाद, मारुति कुमार, चंदन कुमार, कालीचरण प्रसाद, गौरीशंकर प्रसाद, राहुल प्रसाद, विकास कुमार, प्रीतम साहू,रमेश साहू,संजय प्रसाद, जितेंद्र भारती, बिरजू गुप्ता, श्याम कुमार, का सराहनीय योगदान है।

## पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने वर-वधु को दिया आशीर्वाद



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा तमाड़ परासी के किशुनपुर गांव पहुंच कर वर-वधु को आशीर्वाद के साथ सुखी जीवन के लिए शुभकामनाएं दिया। जानकारी हो कि रड़गांव मंडल के भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनोज महतो चार मई को वैवाहिक जीवन के बंधन में बंध गये, जिसका रिसेप्शन पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा पहुंच कर वर-वधु को आशीर्वाद दिया। इस दौरान भाजपा के कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## तिरुलडीह से अब रोजाना वाहन के माध्यम से जायेगी डाक, विभाग ने उपलब्ध कराया

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** कुकडू प्रखंड के तिरुलडीह सब पोस्ट ऑफिस से अब डाक सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है। भारतीय डाक विभाग ने तिरुलडीह सब पोस्ट ऑफिस को एक वाहन उपलब्ध कराया है, जिसके माध्यम से अब रोजाना डाक सेवाएं जैसे पत्र, पार्सल आदि सीधे जमशेदपुर पहुंचाई जायेंगी। इस पहल से न केवल डाक सेवाओं में तेजी आयेगी, बल्कि डाक कर्मियों की कार्यकुशलता और सुविधा में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। पहले तिरुलडीह से जमशेदपुर तक डाक पहुंचाने में डाक कर्मियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। परिवहन की कमी और लंबी दूरी तय करने की असुविधा का सामना करना पड़ता था। इन समस्याओं को देखते हुए, चांडिल अनुमंडल के सब डाक निरीक्षक दिवाकर कुमार दीपक ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया और डाक विभाग से वाहन की मांग की। उनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप, भारतीय डाक विभाग ने तिरुलडीह सब पोस्ट ऑफिस के लिए वाहन उपलब्ध कराया है। मौके पर डाक विभाग के कर्मी निजाम अंसारी, मंगल आड्डी आदि मौजूद थे।

## किसानों को दिया गया वाणिज्यिक बागवानी का प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी, खूंटी में 13 दिवसीय वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को हो गया। यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल से पांच मई तक आयोजित किया गया, जिसमें खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये 33 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। दुमका से आये विशेषज्ञ प्रशिक्षक अकरम अंसारी ने प्रतिभागियों को वाणिज्यिक बागवानी के विविध पहलुओं पर व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान उन्नत किस्म के बीज, खाद, पौधारोपण की वैज्ञानिक विधियां, पेड़-पौधों की देखभाल, अधिक उत्पादन देनेवाली प्रजातियों, और आधुनिक बागवानी तकनीकों पर विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम का अंतिम मूल्यांकन नेशनल अकादमी ऑफ रूडसेटी के प्रतिनिधि उमेश प्रकाश सिंहा और स्नेहली हेम्ब्रोम ने किया। प्रशिक्षुओं को बागवानी व्यवसाय के व्यावसायीकरण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान, बैंकिंग, बीमा योजनाओं और प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि वे सफल उद्यमी बन सकें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आरसेटी के वरिष्ठ संकाय सदस्य सुशील कुमार थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में आरसेटी टीम के संजय कुमार, सतनाम कंडुलना, निर्मल हेम्ब्रोम और जितेंद्र महतो की भूमिका रही। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम खूंटी जिला के बागवानी मित्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है, जिससे वे भविष्य में अपने क्षेत्र में आधुनिक और व्यावसायिक बागवानी के माध्यम से आर्थिक प्रगति कर सकेंगे।

## मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी कोयला राज्यमंत्री के बयान का किया स्वागत



खलारी (आजाद सिपाही)। कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुवे द्वारा कोयला खदानों में आउटसोर्सिंग कार्य मे 75 फीसदी स्थानीय लोगों को काम दिया जायेगा। इस बयान को मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने स्वागत किया है। अंसारी ने एनके प्रबंधन से मांग किया है कि इस क्षेत्र में काम कर मधुकान सहित सभी आउटसोर्सिंग कम्पनियों में खलारी कोयलांचल के स्थानीय बेरोजगारों को 75 फीसदी रोजगार दिया जाये। उन्होने कहा कि आज जितने भी यहां कंपनियां है सभी में बीस प्रतिशत भी यहां के लोगों को रोजगार नही दिया गया है। अंसारी ने प्रबंधन से कोयला राज्य मंत्री के बयानों को गम्भीरता से लेते हुए जल्द से जल्द लागू करने का मांग किया है ताकि यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।

# पारदर्शिता के साथ योजनाओं को पूरा करायें अधिकारी: डॉ शिशिर

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिला पंचायत राज पदाधिकारी खूंटी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने सोमवार को पचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य 15वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं पंचायत समितियों को प्राप्त अनुदान राशि के व्यय, पंचायत सचिवालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति, सचिवालय भवनों को डिजिटल पंचायत के रूप में विकसित करने, सचिवालय में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा, कनीय अभियंताओं के कार्यों की प्रगति, पंचायत सहायकों को कक्ष आवंटन और पंचायत सहायता केंद्रों की शीघ्र शुरूआत तथा पंचायत ज्ञान केंद्रों की स्थापना और संचालन की प्रगति का मूल्यांकन करना था। बैठक के दौरान पाया गया कि कई पंचायत सचिवालयों में अभी भी डिजिटल ढांचे की स्थापना अधूरी है। पंचायत सहायकों के लिए निर्धारित कमरों के आवंटन और पंचायत सहायता केंद्रों को जल्द चालू करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पंचायत ज्ञान केंद्रों की स्थापना और संचालन की दिशा में हुई प्रगति की भी विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करें और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरे करें। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना की इंट्री को अद्यतन करने पर जोर दिया और निर्देश दिया कि सभी योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग की जाये। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक (पंचायत राज), सभी कनीय अभियंता, कंप्यूटर ऑपरेटर और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना का ऐतिहासिक नवरात्रि मेला अक्षय तृतीया से नौ मई तक चलने वाले मेले का पांचवें दिन अखंड हरी नाम संकीर्तन श्री श्री राधा-रानी बुंडू के प्रांगण में एवं मौसी बाड़ी मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालु पूजा एवं मेला देखने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर श्री श्री राधा रानी मेला समिति के अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से सह परिवार पधार कर राधा-रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर मेला का आनंद लेने और क्षेत्र वासियों से इस दौरान मांस मछली अंडा मुर्गा मदिरापान का सेवन एवं बिक्री बंद रखने की अपील की है। मौसी बड़ी मंदिर परिसर में झूला ब्रेक डांस बच्चों के लिए टॉय ट्रेन मिकी माउस में लोग अपने बच्चों के साथ आनंद उठा रहे हैं।

## राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की तीन छात्राएं लेंगी भाग



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** 68 वीं राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बुंडू की तीन छात्राओं भाग लेंगी। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भारत सरकार द्वारा आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता जो नयी दिल्ली में आयोजित हो रही है। पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बुंडू की तीन छात्राएं रीना कुमारी कक्षा 10, सुनीता कुमारी कक्षा 9 और निर्मला कुमारी कक्षा 9 झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। हाल ही में खेलगांव में आयोजित एसजीएफआइ एवं जेइपीसी झारखंड सरकार द्वारा आयोजित खेलो झारखंड खेलो के अंतर्गत तीनों छात्राएं द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त कर नेशनल स्तरीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता अंडर 19 वर्ग में अपना स्थान सुरक्षित किया था। इनके प्रदर्शन पर विद्यालय की वार्डन भूमिका कुमारी एवं फिजिकल टीचर सुनीता महतो ने कहा कि इनकी उपलब्धि न केवल विद्यालय के खिलाड़ियों की बल्कि पूरे बुंडू और पंचपरगना के लिए गर्व की बात है, आनेवाले समय में ये बेटियां झारखंड और भारत का नाम रोशन करेंगी।

## राष्ट्रीय कोयला कन्वेंशन में शामिल हुए पिपरवार के प्रतिनिधि



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रांची के सीएमपीडीआइ में कोयला क्षेत्र के चार केंद्रीय श्रमिक संघो के राष्ट्रीय कोयला कन्वेंशन मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कई श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। जिसमें आगामी 20 मई को देशभर के 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियन के द्वारा आहूत देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में एचएमएस, एटक, सीटु और इंटक सहित अन्य श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इधर रांची में आयोजित राष्ट्रीय कन्वेंशन मे झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। जिसमे जोनल सचिव जय नारायन महतो,पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन, संयोजक मनोज चंद्रा सहित कई लोगो का नाम शामिल है। वही जनता मजदूर संघ पिपरवार क्षेत्रीय समिति के भी प्रतिनिधि इस सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में 20 मई को होने वाले देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आहवान किया गया,साथ ही क्षेत्र के सभी कोयला क्षेत्र में काम करने वाले संगठित और असंगठित मजदूरों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गयी।

# यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन ने प्रबधंन को सौंपा 10 सूत्री मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** महान दार्शनिक, समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री, इतिहासकार, राजनीति सिद्धांतकर काल मार्क्स के जन्मदिन पर एटक के द्वारा असंगठित मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी तय करने के लिए मांग दिवस मनाया गया। इस मौके पर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन पिपरवार क्षेत्र के द्वारा सोमवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन और सभा कर हाई पावर कमेटी से संबंधित मांग पत्र सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को सौंपा। जानकारी के अनुसार यूनियन के सभी लोग बीओसी हनुमान मंदिर के समीप एकत्रित हुए और जोरदार नारों के साथ पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचा, जहां यूनियन के लोगों ने पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल को पिपरवार महाप्रबंधक के नाम 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों में काम कर रहे असंगठित मजदूरों को एचपीसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने, असंगठित मजदूरों को सीएमपीएफ का सदस्य बनाया जाए एवं ऐसे मजदूर जो कार्य छोड़ चुके हैं। जिनका सीएमपीएफ बकाया है उसका भुगतान किया जाए, क्षेत्र में कार्यरत सभी असंगठित मजदूरों को साप्ताहिक विश्राम देने,सभी असंगठित मजदूरों को छुट्टी की सुविधा प्रदान करने,सभी असंगठित मजदूरों को चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने,सभी असंगठित मजदूरों को बोनस का भुगतान करने, असंगठित महिला मजदूरों को मातृत्व छुट्टी का लाभ देने,सभी असंगठित मजदूरों को वेतन पर्ची देने, सभी असंगठित मजदूरों की हाजिरी फार्म डी में दर्ज करने, सभी असंगठित मजदूरों को पीएचडी का भुगतान करने सहित अन्य मांगे शामिल है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्लाह, कार्यकारी अध्यक्ष धनेश्वर गंझु, क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा, रहमतुल्लाह, दिलीप कुमार महतो, कयूम अंसारी, केशव यादव, सरजू सिंह, रामनाथ महतो,भरत नोनिया, उस्मान अंसारी, मनोज राम, टेशलाल राम,एजाज असलम, मनु कुमार महतो, रविंद्र महतो, भूटन महतो विजय कुमार महतो, बालेश्वर महतो, कांगो महतो, अमित महतो, जगन गंझु, संजू सोनी सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

## खूंटी के शिव कुमार महतो बने राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के तकनीकी अधिकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कबड्डी संघ के सचिव शिव कुमार महतो को एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नौ से 12 मई तक महाराष्ट्र के देवली स्थित रामदास जी विदर्भ केसरी स्टेडियम में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तकनीकी अधिकारी बनाया गया है। झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन कुमार रावत, जिला अध्रूख गुलाब महतो, सचिव संजय झा एवं कोषाध्यक्ष हरीश कुमार सिंह ने बधाई दी है। यह जानकारी खूंटी जिला कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष सुमित कुमार ने दी।

## कुच्चू स्थित जगदंबा शिव संकट मोचन मंदिर में महायज्ञ का पांचवां दिन

# जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तीन तैसी : अतुल कृष्ण भारद्वाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** प्रखंड अंतर्गत कुच्चू स्थित जगदंबा शिव संकट मोचन मंदिर में आयोजित श्रीश्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञ धार्मिक उत्साह चरम पर रहा। आवाहित देवताओं पूजन, धृताधिवास मंत्रोच्चार, संध्या में आरती किया गया। पूजा को लेकर श्रद्धालुओ में काफी उत्साह देखा गया।

इस धार्मिक कार्यक्रम में विशेष रूप से मंदिर प्रांगण में हरिवंश प्रसाद, प्रदीप वर्मा, अमर बाउरी, नवीन जायसवाल, आलोक चौरसिया, बालमुकुंद सहाय, सुषमा देवी, जैलेंद्र कुमार, किरन देवी, शिवपूजन पाठक, ब्रदी भगत, अरूप चटर्जी, जिन्हें राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू पुर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं आयोजन समिति के लोगों ने उनका स्वागत अंगवस्त्र एवं दुर्गा मां की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

अनुष्ठान में रंधीर चौधरी, अमरनाथ चौधरी, दिलीप मेहता, राजेश गुप्ता, दीपक बड़ाइक, शिव कुमार मेहता, शंकर महतो, चतुर साहू, विक्रांत तिवारी, सोमा उरांव, राजकिशोर साहू, गणेश महतो, मनोज साहू, शंकर महतो, राम-लखन महतो सत्यनारायण तिवारी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मंदिर समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

वहीं राम कथा में कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान राम का बालरूप का वर्णन करते हुए कहा कि जैसी रखि भावना वैसी होई मन अलौकिक ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा जब जब होए धर्म की हानी होती, तब तब भगवान प्रकट होते हैं। आयोजन समिति द्वारा आये हुए भक्तजनों के लिए दोपहर एवं रात्रि में राम कथा के बाद भंडारे प्रसाद का वितरण किया गया। यज्ञ के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष रामटहल चौधरी राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, अरविंद प्रसाद, संजय कुमार, अंकित राज, रंधीर चौधरी, नागेंद्र साहू, प्रेम कुमार कृष्णा महतो, बालक महतो, भरत गुप्ता, अमित कुमार, शशि भुषण, कुलदीप कुमार, दिलेश्वर साहू, रविंद्र महतो, दिलीप भंडारी, आशीष साहू, विजय आनंद, चंद्र भूषण मेहता, राकेश कुमार राम प्यारे महतो आदि समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य पूरी तन्मयता के साथ समर्पित हैं।

# जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा में 'व्यक्तित्व विकास' पर कार्यशाला




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कॉलेज, बीसा में सोमवार को 'व्यक्तित्व विकास' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और प्रशिक्षुओं में व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूकता जागरूक करना एवं व्यावहारिक तरीके से व्यक्तित्व निर्माण करना था। कार्यशाला का मंच संचालन बड़ी ही कुशलता और आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षु आशा माधुरी सारस ने किया।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संस्थान के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। तत्पश्चात स्वाति मंजु भेंगरा समूह द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला अभिभाषण प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्र ने व्यक्तित्व विकास का शिक्षक के जीवन में महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला की समन्वयक सहायक प्राध्यापिका डॉ कुमारी प्रियंका शर्मा ने विषय प्रवेश कराते हुए व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित प्रियंका नुपूर मिंज, बेथेसदा महिला टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, रांची के एमएड विभाग की सहायक प्राध्यापिका ने प्रतिभागियों को अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरक व्याख्यान प्रदान किया एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन संबंधित प्रायोगिक सत्र में प्रशिक्षुओं को डेमो साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक सजीब कुमार द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में प्रोफेसर इंचार्ज प्रवीण सिंह कुशवाहा, रीमा उपासना कच्छप, प्रभा हेनरी, सरिता कुमारी, विभा कुमारी, डॉ आर के पाठक, धनंजय यादव, रंचन कुमारी, पवन कुमार कुशवाहा एवं पी के रवि आदि सहायक प्राध्यापकों एवं महफूज अंसारी, रश्मि कुमारी, काजल गोस्वामी और गैर शैक्षिक सदस्यों ने कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस कार्यशाला में जसपुरिया बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने इस ज्ञानवर्धन कार्यशाला का लाभ प्राप्त किया।

# बेड़ो के तुको में तीन दिवसीय मंडा पूजा का लोटन सेवा से शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** मंडा पूजा महासमिति तुको के तत्वावधान में सोमवार की सुबह वार्षिक मंडा पूजा समारोह धार्मिक अनुष्ठान लोटन सेवा के साथ शुरू हो गया, जिसमें 26 पुरुष भोक्ता और 26 महिला सोगताईन ने भाग लिया।

वहीं धार्मिक अनुष्ठान पुजारी आशुतोष पांडेय एवं युगल दास गोस्वामी और पाट भोक्ता वरुण महतो की अगुवाई में किया गया। लोटन सेवा के तहत शिवभक्तों ने नंगे बदन तपती जमीन पर लोटकर अपनी भक्ति एवं आस्था का परिचय दिया।वहीं भोक्ताओं ने भगवान शिव व माता पार्वती के प्रति अपनी आस्था जतायी।

वहीं मंगलवार को शिवभक्त दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति, आस्था व शक्ति का परिचय देंगे। साथ ही रात्रि में पश्चिम बंगाल की टीम के द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन किया जाएगा। वहीं बुधवार को झूलन के दौरान झूलते हुए शिवभक्तों द्वारा श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल बरसाये जाएंगे। जिसे पाने की ललक श्रद्धालु महिलाओं के बीच होगी। वहीं शाम में पड़हा जतरा व रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इधर समारोह को सफल बनाने में समिति के सतीश सिंह, सतेंद्र साहू, गौतम ताम्रकार, कुलदीप साहू, आदेश यादव, भागवत ताम्रकार, शक्ति राम, गोवर्धन बैठा मनीष राम,रवि गोप प्रदीप गोप, कर्मवीर मोदी,प्रदीप साहू, शाखो उरांव व रवि पहान समेत सभी ग्राम वासी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

# जैलेंद्र कुमार ने श्राद्धकर्म के लिए दो परिवारों को दी मदद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** हेसातू के जालिमा निवासी मृतक हीरालाल बेदिया (65) व बीसा के कडरूटोली निवासी मृतक भूखली देवी, पति अकलू भोगता के श्राद्धकर्म के लिए सोमवार को नकदी एवं सहायता सामग्री प्रदान की गयी। आर्थिक अभाव के कारण दोनों के स्वजनों को श्राद्धकर्म कराने में परेशानी हो रही थी। भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने दोनों जरूरतमंद परिवार को सहायता उपलब्ध कराया। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना मेरी राजनीति का मुख्य आधार है। इस मौके पर भाजपा के बूथ नंबर 150 के अध्यक्ष संजय लोहारा, कार्तिक बेदिया, संजय सिंह, श्रवण बेदिया, मोहन बेदिया, राजकुमार बेदिया, लखन बेदिया, संजय बेदिया, बीसा उपमुखिया संजय भोगता, भाजपा बूथ अध्यक्ष धनेश्वर भोगता, सावन भोगता, सुनील भोगता और मुकेश भोगता आदि उपस्थित थे।

# झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में काइजेन और 5एस तकनीक पर हुई कार्यशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नामकुम।** झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम में सोमवार को काइजेन और 5एस तकनीक पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला में बीआइटी मेसरा के प्रोफेसर डॉ कौशिक कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनका स्वागत टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को काइजेन (निरंतर सुधार) और 5एस (सुनियोजित कार्य वातावरण) जैसी प्रभावशाली जापानी तकनीकों से अवगत कराना था, जिससे वे भविष्य में अपने कार्यस्थलों में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

मुख्य वक्ता डॉ कौशिक कुमार ने काइजेन को केवल एक तकनीक न मानते हुए उसे एक कार्यसंस्कृति बताया, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी छोटे-छोटे सुधारों के माध्यम से संगठन की प्रगति में योगदान देता है। उन्होंने 5एस प्रणाली की भी विस्तृत व्याख्या की और इसके पांच चरण छंटाई, सजावट, सफाई, मानकीकरण और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। डॉ कुमार ने बताया कि यह प्रणाली कर्मचारियों में जिम्मेदारी, आत्म-अनुशासन और दक्षता को बढ़ावा देती है और इससे उत्पादन, गुणवत्ता और सुरक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है।

कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला के अंत में मुख्य वक्ता डॉ कौशिक कुमार को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टूल रूम के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो, फैकल्टी कमलकांत, राहुल रंजन उरांव, मोतीलाल मेहता उपस्थित रहे।

# वरीय वैज्ञानिकों की दो दिवसीय वार्षिक कार्य योजना पर कार्यशाला का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिकिदिरी।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र मोराबादी रांची में राज्य के 23 केवीके के वरीय वैज्ञानिकों का दो दिवसीय वार्षिक कार्य योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गयो कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गयो इस अवसर पर आइसीएआर अटारी जोन-चार के निदेशक डॉ अंजनी कुमार, प्रधान वैज्ञानिक डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ डीवी सिंह, डॉ मोनोबुल्लाह, डॉ जगन्नाथ उरांव, प्रसार निदेशक बीएयू रांची, स्वामी भवेशानंद, सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची एवं सभी 23 कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक उपस्थित थे। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस अवसर पर दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, मोराबादी, रांची परिसर में आइसीएआर अटारी जोन-चार के सहयोग से मिलेट प्रसंस्करण यूनिट का विधिवत उदघाटन निदेशक डॉ अंजनी कुमार, स्वामी भवेशानंद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यशाला में डॉ अंजनी कुमार ने सभी प्रतिभागियों को वार्षिक कार्य योजना संबंधित उचित तकनीक मार्गदर्शन दी। इन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से प्राकृतिक खेती पर केवीके एवं प्रगितिशील किसानों के बीच 4 प्रत्यक्षण करने, प्री खरीफ जलवायु अनुकूल कृषि पर जागरूकता कार्यक्रम एवं वार्षिक रिपोर्ट को एएमएस पोर्टल पर अपलोड करने सम्बंधित निर्देश दिया।

डॉ डीवी सिंह प्रधान वैज्ञानिक, अटारी जोन-चार ने किसानों की समस्याओं से संबंधित उपयुक्त आनफार्म टेस्टिंग और फ्रंटलाइन प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कियो

इस कार्यक्रम में आइसीएआर, नयी दिल्ली के डीडीजी (प्रसार) ने सभी वैज्ञानिकों को आनलाइन दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर दिव्यायन केवीके के सभी वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# मोहम्मद अशरफ बने कांग्रेस सेवा दल के प्रभारी ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांके।** कांग्रेस के समर्पित और प्रखंड कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मिल्लत कॉलोनी कांके निवासी मोहम्मद अशरफ उर्फ बाबू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक प्रदेश अध्यक्ष नेलीनाथन ने रांची जिला कांग्रेस सेवा दल का ग्रामीण कार्यवाहक मुख्य संगठक जिलाध्यक्ष बनाया है जो तत्काल समय से प्रभावी है। नेली नाथन ने बताया कि कांग्रेस के प्रति इनकी समर्पित सेवा और कार्यकताओं के प्रति अच्छे व्यवहार और कुशल रूप से संगठन को जोड़ने की क्षमता को देखते हुए इन्हें यह पद दिया गया है। मोहम्मद अशरफ के सेवादल से जुड़ने से खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी का संगठन मजबूत होगा और साथ ही कांग्रेस सेवा दल को मजबूती मिलेगी।

नेली नाथन ने इस आशय से संबंधित नियुक्ति पत्र झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सेवा दल के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह और कार्यालय प्रभारी केसरी जी के साथ इन्हें दिया और बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इनके प्रभारी जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक सुरेश कुमार बैठा, विधायक राजेश कच्छप, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, गौरी शंकर महतो, गुलजार अहमद, विधायक प्रतिनिधि महेश कुमार मनीष, सुनीता मुंडा, रोजलिन किरण बाड़ा, सीमा देवी, एंजेला लकड़ा, खुशी परवीन सलमा खातून सहित सैकड़ो कांग्रेसियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# इटकी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1148 प्रधानमंत्री आवास आवंटित

## लाभुकों का सर्वेक्षण कार्य पूरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इटकी।** प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए लाभुकों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024 -25 में प्रखण्ड के 1148 लाभुकों के लिए प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया है। प्रशासन द्वारा गठित सर्वेक्षण टीम द्वारा 30 अप्रैल को लाभुकों का चयन कार्य पूरा कर लिया है। बीडीओ प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार और ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के जारी निर्देश के तहत लाभुकों का सर्वेक्षण कार्य अप्रैल माह के अंत तक पूरा किया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास के लिए वैसे लाभुको सर्वेक्षण में नाम जोड़े गये, जो इस योजना से वंचित रह गये है। पूर्व में जिन परिवारों को सरकारी आवास का लाभ प्राप्त हुआ है और जिनका पक्का मकान, तीन और चार पहिचा वाहन, सरकारी नौकरी पानेवाले परिवार, किसान क्रेडिट 50 हजार से अधिक क्रेडिट, सरकार के साथ गैर कृषि उद्यमि परिवार, प्रतिमाह 15000 हजार आयकर भुगतान करने वाले, दो एकड़ से अधिक सिंचित भूमि और पांच एकड़ असिंचित भूमि का स्वामी है, तो वैसे लाभुक प्रधानमंत्री आवास के लिए अयोग्य श्रेणी में रखे गये है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने संभावित योग्य लाभुकों के चयन के लिए उक्त मानक कटेरिया नहीं आने वाले लाभुकों का सर्वेक्षण कर प्रधानमंत्री आवास योजना जोड़कर आवास आवंटित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री आवास की प्राकलन राशि 1.30 लाख निर्धारित है, जबकि आवास निर्माण में अलग से मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को 95 दिन का मजदूरी लगभग 22 हजार भुगतान का प्रवधान है।

# राढ़हा गांव में पेड़ों की अवैध कटाई, ग्रामीणों ने की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के राढ़हा गांव में पेड़ों की अवैध कटाई का एक गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर भी वन विभाग की टीम अवैध रूप से काटे गये पेड़ों को चिन्हित करने नहीं पहुंची। यह कटाई बिना किसी अनुमति के की गयी थी।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह कार्य बीते कुछ हफ्तों से गुपचुप तरीके से किया जा रहा था। अधिकांश पेड़ सखुआ के थे, जिन्हें लकड़ी माफिया द्वारा निशाना बनाया गया। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही और निगरानी की कमी के चलते ऐसे मामले बार-बार सामने आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने मांग की कि दोषियों को सख्त सजा दी जाये और इलाके में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाये। लोगों की अपेक्षा है कि वन विभाग और पुलिस प्रशासन दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये।

# बेड़ो में लाखों की लागत से बना गोदाम बेकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के डूमर टोली गांव में लाखों रुपए की लागत से एफसीआई का गोदाम भवन बेकार पड़ा हुआ हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग का यह गोदाम वर्तमान में बेकार पड़ा हुआ है। विभाग की लापरवाही के कारण गोदाम का संचालन नहीं हो सका है। भवन अब खंडहर मे तब्दील हो रहा हैं। इसके बावजूद आपूर्ति विभाग, प्रखंड व जिला प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि सभी कुंभकर्णी निद्रा में सोए हुए हैं। उक्त गोदाम कि स्थिति आज यह है कि इसमें अभी तक एक ग्राम अनाज नही रखा जाता केवल शोभा वस्तु बना है। हालात यह है कि भवन चारागाह में तब्दील हो गया है। स्थिति यह है कि नये बने भवन में झाड़ियां उग आई है। इस भवन का उपयोग नही होने के कारण भवन अब खंडर में तब्दील हो रही है। वही गोदाम का निर्माण जब शुरू किया था तो आसपास के ग्रामीणों को यह आस लगी कि चलिये अब हम लोगो को रोजगार मिलेगा। जब इस गोदाम मे अनाज रखा जायेगा तो हम स्थानीय लोगो को काम करने का मौका मिलेगा। वही स्थानीय ग्रामीण सुनील उरांव,बंदे उरांव आदि लोगो का कहना है कि उक्त गोदाम का कोइ उपयोग नही है अगर सरकार द्वारा इसका खाद्यान्न रखने का उपयोग किया जाता तो स्थानीय लोगो को रोजगार मिलता। लेकिन गोदाम अभी भी बंद पड़ा हुआ है।

# पीएचइडी कार्यालय बंद रहने पर ग्रामीणों में रोष



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड के वृंदा पंचायत अंतर्गत बहवारटोली के ग्रामीण सोमवार की दोपहर करीब 12:30 बजे पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय गुमला पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा दो सप्ताह पूर्व गांव में पेयजल की किल्लत को लेकर आवेदन सौंपा गया था और अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही समस्या का निदान किया जाएगा लेकिन किसी तरह का जवाब नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण मुखिया सत्यवती देवी और सामाजिक कार्यकर्ता बसंत कुमार लोहरा के नेतृत्व में कार्यालय पहुंचे लेकिन कार्यालय में ताला लटका हुआ था और सभी कर्मी नदारत थे। यह देख कर ग्रामीण काफी नाराज हुए। तत्काल उन्होंने वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मुखिया ने बताया कि विभागीय अभियंता के द्वारा डीप बोरिंग का आश्वासन दिया गया था लेकिन कोई पहल नहीं हुई और ना ही ग्रामीणों को कोई सूचना दी गयी। अक्सर अधिकारी कार्यालय से नदारत रहते हैं ऐसे में ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कैसे होगा। विभाग के पदाधिकारी से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

# संयुक्त सचिव ने इंटरनेट कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाये रखने पर दिया बल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नीति आयोग के अंतर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए दो दिवसीय दौरे पर गुमला पहुंचे भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अमित सतीजा ने आज समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान जिले में चल रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बैठक की शुरूआत पीडी आइटीडीए रीना हांसदा के स्वागत भाषण से हुई। जिसके पश्चात उन्होंने एडीपी और एबीपी कार्यक्रम के सभी संकेतकों को पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत




किया। समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आधारभूत संरचना, पेयजल, वित्तीय समावेशन समेत अन्य प्रमुख क्षेत्रों में हो रहे कार्यों पर चर्चा की गयी।

**गुमला के कृषि क्षमता की सराहना :** संयुक्त सचिव श्री सतीजा ने गुमला जिले के कृषि स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यहां मडुआ, मक्का, सब्जी और फलों का उत्पादन बेहतरीन हो रहा है। उन्होंने फूलों की खेती की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि मिट्टी की जांच कराकर इस दिशा में कदम बढ़ाये जाने चाहिए।

**डिजिटल और वित्तीय समावेशन पर जोर :** संयुक्त सचिव ने ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाये रखने पर बल दिया। फाइनेंशियल इंक्लूजन के तहत मुद्रा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन और लाभार्थियों की नियमित निगरानी की बात कही। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। साथ ही पीवीटीजी समुदाय द्वारा बनाए जा रहे बांस उत्पादों को सराहा गया, जिन्हें आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गुमला जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सराहनीय कार्य हो रहे हैं। इसका श्रेय उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित जिला प्रशासन की प्रतिबद्ध टीम को जाता है। बैठक में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन की टीम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रवासी मजदूरों की शिकायत पर श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंची मिशन बदलाव की टीम, सौंपा ज्ञापन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कुछ दिन पहले गुजरात में काम करने गये झारखंड के घाघरा प्रखंड के प्रवासी मजदूरों ने वीडियो संदेश के माध्यम से सामाजिक संगठन मिशन बदलाव से मदद की अपील की थी। मजदूरों ने आरोप लगाया था कि उन्हें महीनों तक काम कराने के बावजूद मजदूरी नहीं दी गई। इस मामले को लेकर मिशन बदलाव के विधि सलाहकार अधिवक्ता सच्चिदानंद गोप सोमवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और वहां उपस्थित अधिकारियों को मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ता श्री गोप के साथ मजदूर राजू, विष्णु, मदन उरांव और संजय उरांव भी मौजूद थे। मजदूरों ने बताया कि उन्हें सिर्फ एक महीने की मजदूरी दी गयी, जबकि तीन से चार महीने तक काम कराने के बाद उन्हें कोई भुगतान नहीं किया गया। जब वे अपने पैसे की मांग करते हैं, तो ठेकेदार और मैनेजर उन्हें फोन पर गाली-गलौज करते हैं और पैसे देने से इनकार कर रहे हैं। मिशन बदलाव की ओर से अधिवक्ता श्री गोप ने मजदूरों को आश्वासन दिया कि उनके मामले को गंभीरता से लिया जायेगा और उन्हें न्याय दिलाने की पूरी कोशिश की जायेगी। वहीं श्रम विभाग के अधिकारियों ने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# सशिविमं में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह अयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला ने एक सराहनीय पहल करते हुए सोमवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन न सिर्फ एक कार्यक्रम था, बल्कि एक भावनात्मक मिलन था, जिसमें पारिवारिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और पीढ़ियों के बीच गहरे रिश्तों का अद्भुत प्रदर्शन हुआ। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता शंभु सिंह, प्रसिद्ध व्यवसायी अनिल प्रसाद तथा सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धेश्वरी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने नृत्य, गीत और कविताओं के माध्यम से अपने बुजुर्गों के प्रति प्रेम और आभार प्रकट किया। उनके सजीव प्रदर्शन ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि कई बुजुर्गों की आंखें नम कर दीं। करीब 130 दादा-दादी और नाना-नानी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी विशिष्ट बना दिया। बच्चों से मिले स्नेह और अपनापन देखकर कई बुजुर्ग भावुक हो उठे और विद्यालय की इस पहल को यादगार करार दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार की जड़ें हैं। उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद बच्चों को जीवन की दिशा देता है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और उनमें भारतीय संस्कृति के बीज बोते हैं। वहीं मुख्य अतिथि शंभु सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अनिल प्रसाद ने विद्यालय की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जब परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा देखी जा रही है, ऐसे आयोजनों से बच्चों के मन में उनके प्रति प्रेम और सम्मान की भावना मजबूत होती है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ शांतिपूर्वक और भावपूर्ण वातावरण में हुआ।

## बोटका में ठनका गिरने से वृद्ध घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकटा गांव में सोमवार की अपराह्न करीब 4 बजे अचानक मौसम में बदलाव होने व बारिश होने के बाद भींगे बछड़े का पेड़ के नीचे खड़े होकर पानी पोंछने के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से 65 वर्षीय किसान भैयाराम उरांव 90 प्रतिशत झुलस गया। उसकी स्थिति गंभीर है। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। ऐसे समाचार लिखे जाने तक उसका सदर अस्पताल में ही इलाज जारी था। बताया जाता है कि घटना के वक्त भैया राम उरांव अपने घर के पास लगे बारी में सब्जियों की रखवाली कर रहा था।तभी अचानक बूंदाबांदी होने लगा।इस बूंदाबांदी में किसान के मवेसी का एक बछड़ा भींग गया। इसके बाद वह बछड़े का पानी पोछने लगा। तभी इसी दौरान बारिश तेज हो गयी और बिजली चमकने लगी। यह देख किसान की पोती छाता लेकर उसे घर चलने के लिए बुलाने आ गयी। लेकिन दादा पीछे से आने की बात कहकर उसे लौटा दिया।

# जिग्गा सुसारन होरो ने आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर जतायी नाराजगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक जिगा सुसारन होरो ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की धीमी गति और अनियमितताओं पर गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगायी। ग्रामीणों द्वारा ऑनलाइन रसीद तथा दाखिल-खारिज सुधार प्रक्रिया में अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने अंचलाधिकारी को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि जनता से रिश्वत लेना और उनका शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं अबुआ आवास योजना में सामने आयी अनियमितताओं पर विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि सभी गड़बड़ियों को सुधारते हुए योजना का लाभ केवल पात्र और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाये। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए विधायक श्री होरो ने कहा कि योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन अनिवार्य है, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के तौर पर हो और योजनाओं का लाभ उन्हें पूरी पारदर्शिता के साथ मिले।

## कंटेनर और डीजे की गाड़ी की टक्कर, चालक घायल



**भरनो (आजाद सिपाही)।** स्कूल चौक श्रीराम केशरी के घर के समीप एक कंटेनर, एक डीजे गाड़ी और स्विफ्ट जो की भरनो थाना के एसआइ अभिनंदन कुमार की थीं आपस मे टकरायी कंटेनर और डीजे गाड़ी के चालक को हलकी चोट आयी है। मौके पर भरनो पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो ले गयी जहा डॉक्टर ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार उपरांत छुट्टी दे दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुमला के ओर से आ रही कंटेनर और नगड़ी के ओर से आ रही डीजे गाड़ि सामने से टकरा गयी और वहीं सड़क के किनारे खड़ी भरनो थाना के एसआइ अभिनंदन कुमार के स्विफ्ट कार को टकर मारने हुए कुछ दुर ले गयी। गनीमत थी की भरनो थाना के एसआइ कार को साइड मे लगाकर कुछ सामान खरीदने दुकान गये हुए थे जिस कर वह बाल बाल बच गये। घटना के बाद सड़क पर मे जाम लग गया। भरनो थाना हाइड्रा के मदद से तीनो गाड़ियों को हटवाकर जाम को हटवाने के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर आगे की कारवाई के लिए थाने ले गयी।

## पिकअप का चक्का चढ़ने से महिला का पैर टूटा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र के कोटठोकवा चढ़ान में सोमवार दिन के 11 बजे ओवरलोडिंग के कारण एक पिकअप वाहन के चढ़ने के दौरान पीछे लुढ़कने से उसमें सवार 40 वर्षीय महिला बसंती नगेशिया गिरने के बाद पिकअप का चक्का चढ़ जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका बायां पैर चक्का के चढ़ जाने से चकनाचूर हो गया। वह जुड़वानी गांव की रहने वाली है। इधर पिकअप के लुढ़कने के दौरान चालक के सूझबूझ से एक बड़ा हादसा भी टल गया। चालक ने पिकअप को किसी तरह नियंत्रित किया। जिससे पिकअप लुढ़कने के बाद पलटने से बच गया।नही तो पिकअप में सवार करीब दो दर्जन से अधिक लोगो के जान भी जा सकती थी। चूंकि जिस चढ़ान पर पिकअप लुढ़का था उसके अगल बगल में खाइ है। इधर घायल बसंती को स्थानीय लोगो के मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुर में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में बसंती का इलाज चल रहा है।

### महिला से मारपीट मामले में प्रशासन ने लिया संज्ञान

# एसडीपीओ ने महिला का लिया फर्द बयान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत खोरा पाकईर टोली गांव में रविवार को गांव के कुछ लोगों ने 40 वर्षीय महिला सोमारी देवी के साथ डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट की थी। इसके बाद महिला का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। आजाद सिपाही में खबर लगने के बाद प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया। गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव सोमवार की अपराह्न 3 बजे सदर अस्पताल पहुंचे और महिला का फर्द बयान लिया। इसके बाद मामले के जांच का अधीनस्थों को निर्देश दिये। एसडीपीओ ने कहा मामला गंभीर है किसी भी हाल में अंधविश्वास को लोगों पर हावी नहीं होने दिया जायेगा। आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही खोरा पाकईर टोली गांव में डायन बिसाही और अंधविश्वास को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। वहीं महिला के बयान के बाद पुलिस गांव पहुंची और कार्रवाई में जुट गयी है।

# पाकिस्तानियों को वापस भेजने की मांग को लेकर भाजपा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाजपा जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल के नेतृत्व में गुमला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें वैध एवं अवैध रूप से निवास कर रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल भारत छोड़ने हेतु कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को आग्रह किया गया। विनय लाल ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में घटित आतंकवादी घटना में 26 निर्दोष नागरिकों के निर्मम हत्या ने संपूर्ण राष्ट्र को स्तब्ध कर दिया है। इस घटना के बाद केंद्र सरकार ने



महत्वपूर्ण और ठोस निर्णय लेते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा को रद्द करने एवं उन्हें देश से निर्वासित करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। मौके पर उपस्थित पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा गृह मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त आदेश संख्या 25022/ 28/ 2025 एफआइ 25 /4/ 2025 के आलोक में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जो भी पाकिस्तानी नागरिक बिना वीजा या वैध दस्तावेजों के या वीजा की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद भारत में निवास कर रहे हैं उनका शीघ्र पहचान करें। यह देश की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे पाकिस्तानी नागरिकों को सूचीबद्ध कर तत्काल आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। मौके पर मुनेश्वर साहू सबिन्द्र कुमार सिंह, निर्मल गोयल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार, चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, सुरेश सिंह, अशोक कुमार ,भोला चौधरी, हरमीत सिंह, पायल तिवारी, गौरी किंडो, बबलू वर्मा, विकास कुमार सिंह, दिनेश्वर साहू, किशोर मिश्रा, सुबा अल्बूम तिग्गा, शंभू नायक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिमडेगा से बारात आये व्यक्ति का शव कुएं से मिला, हत्या की आशंका




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा जिला के बानो थाना क्षेत्र के कटिका महाबुआंग गांव से भाइ का बरात में आये 40 वर्षीय युवक जतरु सोरेंग का जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के तपकरा गांव में संदेहास्पद स्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर जतरु का शव बरात स्थल से 500 मीटर दूर एक सुनसान जगह स्थित कुआं से बरामद किया है। परिजनों ने शव की शिनाख्त जतरु के रूप में करते हुए उसकी हत्या की आशंका जाहिर की है। साथ ही कहा है उसके शरीर मे चोट के निशान है। परिजनों ने कहा कि जतरु सीधा साधा था।उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नही थी।और वह नशा पान भी नही करता था।शादी स्थल भी उसके लिए अनजान जगह था। परिजनों ने थाना में लिखित आवेदन देकर हत्या की आशंका जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की है।मृतक का भगिना सन्नी सोरेंग ने बताया कि उसके मामा जतरु सोरेंग 3 मई को रिश्ते में लगने वाला भाई अनूप सोरेंग का बाराती बनकर पालकोट थाना क्षेत्र के तपकरा गांव आये थे। तपकरा गांव में उन्हें अंतिम बार साथ गये अन्य बरातियों ने खाना खाते देखा था। इसके बाद वे अचानक गायब हो गये थे। दूसरे दिन गांव वापस लौटे बरातियों ने उनके गायब होने की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन तपकरा गांव पहुच कर खुद से खोजबीन की।बावजूद उनका पता नही चला।इसके बाद वे लोग पालकोट थाना पहुंच कर गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए खोजबीन की गुहार लगायी। इसी बीच पुलिस को तपकरा गांव में एक शव मिलने की सूचना मिली।फिर जाकर देखा तो शव उनके मामा की थी। शव कुआं में था। हत्या कर शव को कुआं में डाला गया था। भगिना ने यह भी बताया कि उसके मामा विवाहित थे। मगर उनकी पत्नी का चार वर्ष पूर्व देहांत हो गया था। दोनो का एक बेटा भी है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के खरका गांव में घटित दुर्घटना का है। जहां पर घाघरा थाना क्षेत्र के बड़काडीह गांव के तीन युवक बाइक समेत एक पेड़ से जा टकराये। इस टक्कर में आनंद केवट, पंकज महली और उनका एक दोस्त घायल हो गये। जिस दोस्त का नाम पता नही चल सका वह सदर अस्पताल में इलाज करवाकर लौट गया। जबकि आनंद और पंकज का सदर अस्पताल में इलाज जारी है। इनमे आनंद का एक पैर टूट गया है। जबकि पंकज को शरीर के कई हिस्सों में चोट है। बताया जाता है कि तीनों दोस्त नशे में धुत थे और तीनों में कोई भी हेलमेट नही पहना था। दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के खरका नदी के समीप का है। जहां बाइक से घूमने निकले सदर थाना क्षेत्र के दारु टोली गांव के दो दोस्त प्रभात केरकेट्टा और एक अन्य दोस्त एक बाइक में सवार होकर घूमने निकले थे। तभी उन्हें एक काला रंग का अज्ञात स्कॉर्पियो टक्कर मारकर भाग निकला। जिसमे दोनो घायल हो गये। टक्कर में प्रभात को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## स्पोर्ट्स



प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 से ऊपर प्रतिभागी लिया। दो दिवसीय योग प्रतियोगिता के अलावा पेंटिंग, निबंध, रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुई।

# दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप संपन्न

**रांची की संचिता राय ओर जमशेदपुर के अभिषेक बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची के बिशप स्कूल में सत्यानंद योगा एसोसिएशन एवं श्री अरबिंदो आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप रविवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 से ऊपर प्रतिभागी लिया। दो दिवसीय योग प्रतियोगिता के अलावा पेंटिंग, निबंध, रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गयी। योग प्रतियोगिता में रांची योग जीनियस की संचिता राय और बालक वर्ग में रॉयल योग जमशेदपुर के अभिषेक कुमार ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस के खिताब पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग का प्रयोग की गयी। कोलकाता से पहुंचे मानिक प्रधान के नेतृत्व में झारखंड के निर्णायकों के सहयोग से प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायें। संस्था के निर्देशक आदित्य कुमार सिंह एवं सचिव रूपम कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड पर्यटन विभाग की निदेशक अंजलि यादव, अतिथि सेवा भारती रांची महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत यादव, नीलू भाटिया, आशी भाटिया, अरविंद सोसाइटी के सचिव रमेश भाई, सामाजिक कार्यकर्ता रंजन कुमार मिश्रा, डॉ परिणीता सिंह, आदित्य कुमार सिंह, संजय कुमार झा, पंकज प्रसाद,डॉ रूपम सिंह ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। इस मौके सपन साह, रजनी बक्शी, राहुल पोद्दार, डॉ कृष्ण कुमार राय, सुशीत बनर्जी, अन्नु झा, वंदना कुमारी, शीतल महतो, सीमा राय, कुमारी सृजन, सारिका कुमारी, विवेक कुमार, गोवर्धन कुमार, संजय कुमार सहित योग प्रेमी और योग प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मिनी और यूथ टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मिनी बालिका को गोल्ड एवं बालक को रजत पदक



**रांची (आजाद सिपाही)।** 2 से 4 मई 2025 तक गोपाबंधु स्टेडियम परादीप पोर्ट, परादीप जगतसिंहपुर ओड़िशा में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय मिनी एवं यूथ बालक बालिका टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही थी। जिसमें टेनिस वॉलीबॉल संघ झारखंड के मिनी एवं यूथ बालक बालिका टीम भाग ले रही थी। जिसमें झारखंड के मिनी बालिका वर्ग ने फाइनल मैच में महाराष्ट्र को डायरेक्ट 2 सेटों में 21-10 एवं 21-16 से पराजित कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया एवं मिनी बालक ने फाइनल मैच में कड़े मुकाबले में महाराष्ट्र से 3 सेट में 2 सेट में 21-18, 21-15 से पराजित हो कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग, डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर अध्यक्ष सरवन राय और ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से 'पाकिस्तानियों भारत छोड़ो' के नारे के साथ कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में रह रहे अवैध पाकिस्तानी नागरिकों के विरुद्ध अविलंब कड़ी कार्रवाई के लिए आक्रोश प्रदर्शन करते हुए धनबाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। धनबाद महानगर अध्यक्ष सरवन राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सहित सभी हिंदुस्तानी नागरिकों में पाक समर्थित आतंकियों के खिलाफ आक्रोश एवं उबाल है, धनबाद उपायुक्त महोदय को भाजपा धनबाद महानगर द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जो भी पाकिस्तानी नागरिक वैध और अवैध रूप से निवास कर रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में घटित आतंकवादी हमले में 27 निर्दोष और मासूम भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या ने संपूर्ण राष्ट्र को स्तब्ध कर दिया है। इस दुखद घटना के पश्चात केंद्र सरकार ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने और उन्हें देश से डिपोर्ट यानी निर्वासित करने की प्रक्रिया आरंभ की है। गृह मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त आदेश संख्या 25022/ 28 / 2025 एफआइ दिनांक 25/04/2025 के आलोक में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता अन्य देशों के किसी भी घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। सिंदरी की प्रत्याशी रही तारा देवी ने कहा कि धनबाद जिले में रह रहे संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान और उन्हें चिन्हित किया जाये और इस कार्य के लिए एक उच्च स्तरीय जांच टीम गठित की जाये। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार, चंद्रशेखर सिंह, राजकुमार अग्रवाल , धर्मजीत सिंह ने जिला प्रशासन से इस अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील मुद्दे पर कानून सम्मत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि जिला प्रशासन इस गंभीर विषय पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करें। आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से तारा देवी, राजकुमार अग्रवाल, चंद्रशेखर सिंह, सत्येंद्र कुमार, धर्मजीत सिंह, मानस प्रसून, विष्णु त्रिपाठी सहित सैंकडों पार्टी कार्यकर्ता एवम बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

## राम बिलास स्कूल में चोरी के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना की पुलिस ने बेरमो थाना क्षेत्र के राम बिलास स्कूल मे विगत 22 मार्च, एक अप्रैल, दो अप्रैल, तीन अप्रैल, चार अप्रैल, पांच अप्रैल और सात अप्रैल को लागातार चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया है। बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने इस संदर्भ में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि रामबिलास स्कूल बेरमो में चोरी की घटना के आधार पर विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य रामाशीष चौधरी ने बेरमो में आवेदन दिया था। इस आवेदन के आधार पर बेरमो थाना मे कांड संख्या 57/25 दिनांक 05 अप्रैल को दर्ज किया गया था। जिसका सोमवार को उद्भेदन कर कांड में शामिल अभियुक्त बेरमो थाना क्षेत्र के घुटियाटाड़ निवासी सह स्थाई पता चंबा थाना जिला गिरीडीह के रहने वाले बालमुकुंद पांडेय का पुत्र आकाश कुमार पाण्डेय को करगली से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के बयान के आधार पर चोरी किये गये सभी समान बरामद किया गया है। बरामद किए समान में सीसीटीवी कैमरा के तार, वायरिंग तार, सीलिंग पंखा, दिवाल घड़ी, तांबे का तार सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया गया है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY AREA, RANCHI**
Regd. Office : KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI
Telephone :- 0651-2490550/2490670 & Email : gm_rncjseb@yahoo.in https:/www.jbvnl.co.in

**e-Tender Notice**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| Sl. No. | NIT No | Name of the works | Estimated Cost in Rs. | Earnest money to be deposited in Rs. | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs. | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04/PR/JBVNL/ 2025-26 | Construction of MRT Building at Kusai Colony, Doranda, Ranchi, Under Electric Supply Circle, Ranchi | 43,38,700.00 | 86,800.00 | 5900.00 | 240 Days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 08.05.2025 at 11.00 AM to 29.05.2025 up to 02:00 PM |
| Last date and time for uploading of e-tender | 29.05.2025 up to 02:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial) | 30.05.2025 at 3.30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | General Manager (T), Electric Supply Area, Ranchi |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (0651-2490550) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder Shall deposit online tender fee as mentioned above for cost of BOQ and EMD as per rule of e-tendering Portal **(jharkhandtenders.gov.in)**
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Ranchi**

PR 351708 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D


बीसीसीएल पुरुष राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट 2025

# प्रथम राउंड का परिणाम : मेन ड्रॉ के लिए आरुष रॉय ने किया क्वालीफाइ

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में झारखंड टेनिस संघ द्वारा आयोजित बीसीसीएल पुरुष राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर के दूसरे दिन खेले गये मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं। देबासिस साहू (ओडी) ने आरुष रॉय (जेएच) को 6-1,6-0 से हराया।रोहन मंडल (पश्चिम बंगाल) ने शिव प्रणय कावडी (टीएस) को 6-0,6-2 से हराया। रतुल महता (पश्चिम बंगाल) ने रणवीर एस देव (जेएच) को 7-5,6-0 से हराया।रौनक शर्मा (पश्चिम बंगाल) ने अभिषेक सिंह (बीआर) को 6-0,6-4 से हराया। आर्यमन गोचवाल (डीएल) ने संजय कुमार (जेएच) को 6-0,6-0 से हराया। अरित्रा के सासमल (पश्चिम बंगाल) ने अदनान अली (पश्चिम बंगाल) को 6-2,6-2 से हराया।सुमित गोदियाल (यूके) ने कलश कुमार (पश्चिम बंगाल) को 6-4,7-6(1) से हराया। हर्ष मलिक (एचआर) ने रोहन साई अंकमपल्ली (टीएस) को 6-1,6-3 से हराया। सोमवार को सुबह 8बजे से मेन ड्रॉ सिंगल के मैच शुरू होंगे जिसमें 15 राज्यों के 32खिलाही आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगे। मेन ड्रा में झारखंड के आरुष रॉय ने अपनी जगह सुनिश्चित की है। यह जानकारी धनबाद लॉन टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने दी।

# जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में न्यूट्रिशन प्रैक्टिकल प्रोग्राम



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बलियापुर रोड, कोला कुसमा, मंझीलाडीह स्थित जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के नर्सिंग की प्रशिक्षु छात्राओं के बीच न्यूट्रिशन प्रैक्टिकल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जेपी नर्सिंग की डायरेक्टर किमी मंडल और प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य में बताया कि नर्सिंग की छात्राओं के बीच सामान्य स्वस्थ व्यक्ति और मरीजों को पर्याप्त सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ की मात्रा के संदर्भ में प्रशिक्षित करने के लिए प्रैक्टिकल प्रोग्राम कराया गया। इसमें राइस, मिक्स वेजिटेबल समेत अन्य वेजिटेबल व्यंजन, फ्रूट सलाद, रायता बनाये गये थे। उनकी गुणवत्ता और अच्छे स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में सेवन के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। न्यूट्रीशन प्रैक्टिकल प्रोग्रामिंग जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की डायरेक्टर डॉक्टर किमी मंडल, नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, फामेर्सी की प्राचार्या नीलम सिंह और शिक्षिकाओं में वर्षा रानी, शिल्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी समेत सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell (Short e-Procurement Notice)**

Tender Reference No:- BCD/EE/HAZARIBAG/ 13 /2025-26 Date:- 03-05-2025

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Residence of S.E. BCD, Building , District-Hazaribag | 4883000/- | 96000/- | 5000/- | 4 Month |
| 2 | Renovation of Circle office Building BCD , District-Hazaribag | 4975000/- | 100000/- | 5000/- | 4 Month |
| 3 | Construction of Boundary wall & Campus Development of Commissioner Office Hazaribag . | 3276700/- | 66000/- | 5000/- | 4 Month |
| 4 | Renovation &Construction Work of Different Structure at Upgrde High School Saryiadih ,Block- Padma , Dist-Hazaribag | 4751450/- | 96000/- | 5000/- | 4 Month |
| 5 | Renovation for Utkramit Primary School, Khusiyanwa (Dumraun) , Block-Ichak at Hazaribag for the year 2024-25 | 2858600/- | 58000/- | 5000/- | 4 Month |
| 6 | Construction of Different Structure at Upgrde. Middle School Saryiachatti ,Block- Padma , Dist -Hazaribag | 2629500/- | 53000/- | 5000/- | 4 Month |
| 7 | Renovation for Utkramit Primary School, Jatrahi (Dumraun) , Block-Ichak at Hazaribag | 3159900/- | 64000/- | 5000/- | 4 Month |
| 8 | Renovation for Utkarmit Middle school ,Dariya(Ichak) ,Block – Ichak, at. Hazaribag , | 4923140/- | 99000/- | 5000/- | 4 Month |
| 9 | Renovation of Government Middle School Dumron, Block-Ichak, District- Hazaribagh. | 4946000/- | 99000/- | 5000/- | 4 Month |
| 10 | Construction of Boundary wall ,Gate and Toilet with soak pit of Government Middle School Dumron, Block- Ichak, District- Hazaribagh. | 4028100/- | 81000/- | 5000/- | 4 Month |
| 11 | Renovation Work of Different Building at Upgrade Middle School Tilaiya , Block-Barhi, District-Hazaribag | 4635350/- | 94000/- | 5000/- | 4 Month |
| 12 | Construction of Boundary Wall of Upgraded Primary School Jharnadih , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag | 2620400/- | 54000/- | 5000/ | 4 Month |
| 13 | Renovation work for Urdu Primary school Harina, Block-Katkamsandi, Hazaribag for the year of 2023-24 | 4271700/- | 86000/- | 5000/- | 4 Month |
| 14 | Construction of Boundary Wall at Govt. Primary School , Padariya Block- Chouparn ,Dist- Hazaribag | 4386500/- | 88000/- | 5000/- | 4 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 13-05-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 20-05-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

**Further details and subsequent amendments can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in


**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag**

PR 351643 Building (25-26)_D


खुदरा पैसे लौटाने की बात पर दवा दुकानदार ने भाजपा नेता पर कैंची से किया हमला

# सांसद प्रतिनिधि की शिकायत पर सिराज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** पचगढ़ी बाजार मस्जिद पट्टी स्थित सना दवा दुकानदार के मालिक सिराज और भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि प्रिंस शर्मा के बीच खुदरा पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गयी। जिसमें भाजपा नेता जख्मी हो गये। सिर पर गंभीर चोट लगी सूचना पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जख्मी को इलाज के लिए निचितपुर नर्सिंग होम भेजा। डॉक्टरों ने प्रिंस के सिर पर तीन टांका लगाया, प्रिंस के साथ हुई घटना की जानकारी पाकर भाजपाइयों का जमावड़ा कतरास थाना में लगा गया। वे दुकानदार को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गयी और दवा दुकानदार को पकड़ कर थाना ले आयी। भुक्तभोगी प्रिंस ने पुलिस को दवा दुकानदार सिराज के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कहा की वह अपनी बेटी के लिए दवा लेने उक्त दुकान गया था। दुकानदार को दवा के मूल्य से अधिक पैसे दिये। शेष पैसा लौटाने की बात कही तो दुकानदार ने अचानक कैंची से उसके सिर पर वार कर दिया। कतरास थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत मिलने के बाद तुरंत दवा दुकानदार सिराज को हिरासत में लेकर भदबी के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है

इ-आइ कंपनी की सुपरवाइजर ने विद्यालय सर्टिफिकेशन के लिए कक्षा दो और तीन का स्टूडेंट असेसमेंट किया

# स्टूडेंट असेसमेंट के लिए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत होनी जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजगंज।** सोमवार को राजगंज के पीएम आदर्श मध्य विद्यालय में झारखंड विद्यालय प्रमाणन कार्यक्रम के तहत थर्ड पार्टी के रूप में इ-आइ कंपनी की सुपरवाइजर पूजा कुमारी के द्वारा विद्यालय सर्टिफिकेशन के लिए कक्षा दो और तीन का स्टूडेंट असेसमेंट किया गया। स्टूडेंट असेसमेंट के लिए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम से कम 75% होनी जरूरी है। साथ ही टेस्ट में भी 75% क्वालीफिकेशन मार्क्स जरूरी है। स्टूडेंट एसेसमेंट तीन दिनों तक चलेगा जिसमें सोमवार को कक्षा दो और तीन, मंगलवार को चार, पांच और छह, सात के कक्षाओं और बुधवार को कक्षा 8 के छात्रों का स्टूडेंट एसेसमेंट लिया जायेगा। इन स्टूडेंट असेसमेंट के साथ-साथ अन्य वर्गों में स्कूल के परफॉर्मेंस के आधार पर स्कूल को गोल्ड, सिल्वर या ब्रांच कैटेगरी में रखा जायेगा। रांची में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयों को सम्मानित किया जायेगा, साथ ही सिल्वर और ब्रांच कैटेगरी में आये विद्यालयों की कर्मियों को दूर कर सभी विद्यालयों को गोल्ड कैटेगरी में किया जायेगा। पीएम श्री आदर्श मध्य विद्यालय विद्यालय में छात्रों की औसत उपस्थिति 83% रही। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष राधव प्रसाद मुंशी, सीआरपी पवन कुमार, शिव कुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक सुबोध कुमार, राकेश कुमार, नागेश्वर प्रजापति, श्रीनिवास कुमार माहथा, पूनम श्रीवास्तव, अफाजुद्दीन अंसारी, कार्तिक प्रसाद महतो, कुमारी दीपिका और प्रधानाध्यापक रामानंद पासवान मौजूद थे।

# पुलिस मुख्यालय में लंबित मामलों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में सोमवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी कपील चौधरी समेत सभी डीएसपी, एसडीपीओ और प्रभारी निरीक्षक मौजूद थे। मुख्यालय सभागार मे आयोजित बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मुकदमों की जांच में तेजी लायी जाये और तय समय में चार्जशीट समर्पित की जाये। पुलिस थानों मे साल 2020 तक के लंबित सभी मामलों के जल्द निष्पादन का निर्देश जारी किया गया। इसके अतिरिक्त डकैती, हत्या, दुष्कर्म के लंबित मामले को गंभीरता पूर्वक जांच पूरी करते हुए निर्धारित अवधि में रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश भी दिया गया। वरीय पदाधिकारियों ने पूर्व के लंबित विभिन्न मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए जल्द जांच पूरी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में एसपी सिटी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी मुख्यालय धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, एसडीपीओ बाघमारा पुरषोत्तम कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत कई थाना प्रभारी और निरीक्षक मौजूद थे।

मायुमं कोयलांचल शाखा में प्रांतीय पदाधिकारियों का हुआ आगमन

# शाखा पदाधिकारियों को किया सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाडिया के साथ झारखंड प्रांतीय कोषाध्यक्ष युवा विकास झांझरिया, मुख्यालय उपाध्यक्ष श्वेता जलान, प्रांतीय संयोजक युवा विकास, खेलकूद युवा नीरज अग्रवाल, जीव दया, अंगदान प्रांतीय संयोजक आशिष सिंघल, प्रांतीय सहायक मंत्री राजीव सावतिया, चाइबासा जागृति शाखा चंदा अग्रवाल, निवर्तमान सहायक मंत्री विकास पटवारी का मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा में सभी प्रांतीय पदाधिकारी का आगमन हुआ। जहां सभी के मध्य आगामी कार्यक्रमों और मन की बात का सेशन रख सभा का सम्पादन किया गया। प्रांतीय अधिकारियों ने शाखा की नई कमिटी सत्र 25-26 के शाखा पदाधिकारियों को सम्मानित किया और आये हुए सभी पदाधिकारियों को हमारी शाखा द्वारा सम्मानित किया गया । सभा में उपरोक्त अतिथियों के साथ शाखा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी, सचिव सुनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनीता अग्रवाल, शाखा सदस्य वर्षा अग्रवाल, आदर्श गोयनका व समाज बंधु सुनीता अग्रवाल, बबिता चौधरी और अनिल चौधरी उपस्थित रहे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Short e-Procurement Notice**
**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 14 /2025-26 Date:-03-05-2025**


| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Middle School Saryiadih, Block-Padma ,Dist- Hazaribag | 9167750/- | 184000/- | 10000/- | 6 Month |
| 2 | Renovation of Navsrijit Primary School Mahtoeya , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag | 6990000/- | 140000/- | 10000/- | 6 Month |
| 3 | Repair and Beautification , Toilets ,Boundary Wall & other Construction work in Girls Middle School ,Kolhuakala, Block-Barhi, District-Hazaribag | 6452550/- | 130000/- | 10000/- | 6 Month |
| 4 | Renovation Work of Different Building at Upgrade Middle School Badiya Javad , Block-Barhi, District-Hazaribag | 8113550/- | 162000/- | 10000/- | 6 Month |
| 5 | Renovation Work of Different Existing School Building at Girls Middle School ,South, Barkatha , Block- Barkatha Hazaribag | 7014750/- | 141000/- | 10000/- | 6 Month |
| 6 | 6 Class Room & Electricity and water related Renovation work in Girls Middle School ,South Barkatha , Block-Barkatha, Hazaribag | 7367700/- | 148000/- | 10000/- | 6 Month |
| 7 | Renovation of Girls Middle School , South Barkatha , Block- Barkatha, Hazaribag | 6381650/- | 128000/- | 10000/- | 6 Month |
| 8 | Renovation Work of Different Existing School Building at Upgrde. Middle School Saryiachatti ,Block- Padma , Dist-Hazaribag | 5593500/- | 112000/- | 10000/- | 6 Month |
| 9 | Construction of Different Structure at Govt. Middle School Garukurha ,Block- Padma , Dist- Hazaribag | 6530100/- | 131000/- | 10000/- | 6 Month |
| 10 | Renovation Work of Different Existing School Building at Govt. Middle School Garukurha ,Block- Padma , Dist-Hazaribag | 5806850/- | 117000/- | 10000/- | 6 Month |
| 11 | Construction of Boundary Wall of Upgraded Middle School Barahmoriya , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag | 6122100/- | 123000/- | 10000/- | 6 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 15-05-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 22-05-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Hazaribag**

PR 351641 (Building)25-26*D




शहीद गणेश चंद्र पांडेय को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर दी गयी श्रद्धांजलि

# परिवार को सेना ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/सारठ, देवघर।** भारत माता की जयर के गगनभेदी नारों के बीच झारखंड, देवघर जिले के सारठ प्रखंड निवासी वीर शहीद गणेश चंद्र पांडेय को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (अमर जवान ज्योति) पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस गौरवपूर्ण और भावुक कर देने वाले अवसर पर सेना मुख्यालय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शहीद की पत्नी और पुत्र को आमंत्रित किया गया था। समारोह में शहीद पांडेय की पत्नी और बेटे ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प अर्पित कर अपने वीर स्वजन को नमन किया। इस दौरान सैन्य अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में शहीद के बलिदान को याद करते हुए उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गयीं। शहीद गणेश चंद्र पांडेय, जिनका बलिदान आज भी देशवासियों के दिलों में अमिट है, को इस आयोजन में जिस प्रकार से सम्मान मिला, वह पूरे झारखंड विशेषकर देवघर और सारठ के लिए गर्व का क्षण है। वर्षों बीत जाने के बावजूद शहीद की स्मृति आज भी उतनी ही ताजा है। इस श्रद्धांजलि आयोजन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि देश अपने सच्चे सपूतों को कभी नहीं भूलता।



# चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर (आजाद सिपाही)।** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइबर थाना की टीम ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो गूगल, फोनपे, पेटीएम और एयरटेल पेमेंट बैंक के फर्जी कस्टमर केयर बन कर लोगों को ठगते थे। ये अपराधी आम जनता को झांसे में लेकर मोबाइल नंबर और ओटीपी पूछ कर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। गिरफ्तारी जसीडीह थाना अंतर्गत जंगल झाड़ी इलाके से की गयी। पुलिस ने बताया कि आरोपी गूगल पर फर्जी मोबाइल नंबर डाल कर लोगों को झांसा देते थे और फिर कस्टमर केयर बनकर उनका डेटा हासिल कर लेते थे। पुलिस ने उनके पास से चार मोबाइल और आठ सिम कार्ड बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपी में रोहित मंडल (उम्र 27 वर्ष), थाना-जगदीशपुर, बाबर अंसारी (उम्र 30 वर्ष), थाना-सारवां, चंद्रेश्वर यादव (उम्र 25 वर्ष), थाना-मोहनपुर, विवेक कुमार (उम्र 19 वर्ष), थाना-विधापी, देवघर शामिल हैं। छापेमारी टीम में नागेंद्र प्रसाद सिन्हा (साइबर थाना प्रभारी), खुशीरत आलम, दीपक कुमार (थाना प्रभारी, जसीडीह) शामिल थे। देवघर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी अनजान कस्टमर केयर कॉल पर ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और सतर्क रहें।




# मधुपुर पुरानी बस पड़ाव के पास यूनीपोल में बैनर लगाने के दौरान हाइटेंशन तार की चपेट में आने युवक झुलसा



मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर थाना क्षेत्र के कोर्ट मोड़ स्थित पुरानी बस पड़ाव के पास यूनिपोल में विज्ञापन का बैनर लगाने के दौरान एक युवक हाई-टेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में देवघर जिला के कुंडा थाना अंतर्गत बसवरिया गांव निवासी 26 वर्षीय संतलाल पंडित का एक हाथ पूरी तरह झुलस गया है, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर जलन व चोटें आयी हैं। घटना तब हुई जब संतलाल अपने सहयोगी गौतम पंडित के साथ मधुपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर बैनर लगाने का कार्य कर रहा था। कोर्ट मोड़ स्थित यूनिपोल पर बैनर लगाते समय अचानक उसका संपर्क हाई-टेंशन तार से हो गया, जिससे वह करंट की चपेट में आकर नीचे गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत के कारण देवघर रेफर कर दिया गया।

# हर गुरुवार को समाहरणालय में लगेगा जनता दरबार



देवघर (आजाद सिपाही)। जिलेवासियों की सुविधा और समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के नेतृत्व में प्रत्येक गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। यह दरबार समाहरणालय कक्ष में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक आयोजित होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को एक सीधा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी शिकायतें, समस्याएं तथा सुझाव सीधे उपायुक्त के समक्ष रख सकें। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। उपायुक्त विशाल सागर ने देवघरवासियों से अपील की है कि वे इस पहल का लाभ उठाएं और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर अपने मुद्दों को सामने रखें, ताकि जिले में बेहतर शासन सुनिश्चित किया जा सके।




भ्रामक सूचना बोर्ड से यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

# बस स्टैंड स्थानांतरण की जानकारी नहीं

- बाघमारा इंटर स्टेट बस टर्मिनल संचालित, लेकिन अब भी सूचना बोर्ड में पुराने बस स्टैंड की दूरी दर्शायी गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर जिला प्रशासन द्वारा 10 अप्रैल से बाघमारा में नव निर्मित इंटर स्टेट बस टर्मिनल का संचालन शुरू कर दिया गया है। पुराने मीना बाजार स्थित बस स्टैंड को पूरी तरह से स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन पथ निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण अब भी शहर के प्रमुख स्थानों पर पुराने बस स्टैंड की दूरी दशार्ने वाले सूचना बोर्ड लगे हुए हैं, जिससे हर दिन हजारों श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य डाकघर के समीप पथ प्रमंडल द्वारा लगाये गये एक सूचना पोल पर आज भी बस स्टैंड की दूरी एक किलोमीटर दिखायी जा रही है, जबकि नया टर्मिनल बाघमारा में स्थित है, जो शहर से करीब 4-5 किलोमीटर की दूरी पर है। बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना के लिए देशभर से आनेवाले श्रद्धालु इस भ्रम में पड़ जाते हैं और पुराने बस स्टैंड तक पहुंचने के बाद उन्हें असल लोकेशन तक जाने में अतिरिक्त समय और पैसा खर्च करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने इस विषय पर नाराजगी जतायी है और मांग की है कि जल्द से जल्द सभी पुराने सूचना बोर्डों को हटा कर नये बस टर्मिनल की सटीक जानकारी वाले संकेतक लगाये जायें। प्रशासन को चाहिए कि बस टर्मिनल स्थानांतरण की सूचना व्यापक स्तर पर प्रसारित करे, ताकि किसी भी यात्री को असुविधा न हो।

**यात्रियों ने कहा सूचना पट में गलत जानकारी के कारण काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा :** मोकामा से पहुंची यात्री पूजा सिंह ने बताया कि वह सपरिवार ट्रेन से देवघर बाबा धाम पहुंची, जिसके बाद वह बाबा धाम में पूजा करने के बाद बासुकीनाथ जाने के लिए बस की सेवा लेने के लिए बस स्टैंड का रुख कर रही थी, उनकी नजर डाकघर के समय पर पड़े सूचना पट पर पड़ी, जिसके बाद वह 1 किलोमीटर तक पैदल बस स्टैंड पहुंची जहां उन्हें यह मालूम हुआ कि बस स्टैंड का स्थानीयकरण कर दिया गया है और देवघर के पुराने बस स्टैंड से लगभग 5 से 6 किलोमीटर बाघमारा में संचालित किया जा रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कत का सामना पड़ा करना पड़ा। वहीं टोटो लेकर बाघमारा बस स्टैंड जाने के बाद बासुकीनाथ के लिए बस की सेवा लेनी पड़ी।









































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**